CMYK

अधिकतम : 21° C
न्यूनतम : 11° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 23 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 190 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा!

पेज 2




भारत 'ए' टीम ने जीता महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब

खेल टाइम्स




मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत, बेफिक्र सरकार

सम्पादकीय



पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, एक ही परिवार के 16 लोगों की मौत

पेज 12

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# पुलिस अधिकारी की बेटी के प्राइवेट पार्ट सैनिटाइजर से जलाए

■ गुरुग्राम में लिव-इन पार्टनर ने मारपीट कर न्यूड वीडियो बनाया, यूरिन पिलाया, पीड़िता BSC की छात्रा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टार्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है।

आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। उसके साथ लगातार मारपीट की गई। इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा। साथ ही छात्रा की सीरियस हालत में दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रविवार को गुरुग्राम पहुंचीं छात्रा की मां ने भी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहना है कि उसकी बेटी को तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। यूरिन तक पिलाया। पीड़ित छात्रा मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है और वह गुरुग्राम के एक पीजी में रह रही थी। गुरुग्राम की ही एक यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप के जरिए युवक शिवम के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी दिल्ली के नरेला का रहने वाला है। सितम्बर 2025 में बातचीत शुरू होने के बाद दोनों एक दूसरे से कई बार मिले।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर लगा ब्रेक!

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के नए टैरिफ विवाद के बीच दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अहम बैठक टली



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर बातचीत फिलहाल टल गई है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों की जो अहम बैठक 23 फरवरी से वाशिंगटन में शुरू होने वाली थी, उसे अब आगे की तारीख के लिए टाल दिया गया है। इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार थे और भारतीय टीम तीन दिन तक अमेरिका में चर्चा करने वाली थी।

इस बैठक का मकसद अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देना था। दरअसल, यह पूरा मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ फैसलों से जुड़ा हुआ है। ट्रम्प ने हाल ही में सभी देशों पर पहले 10 प्रतिशत और फिर बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने 2025 में भारत पर कुल 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया था, जिसमें से 25 प्रतिशत पहले ही हटाया जा चुका है। ज्ञात रहे कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में ट्रम्प के पुराने टैरिफ फैसलों को अवैध बताया था और कहा था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से ज्यादा कदम उठाए। इसी वजह से अब व्यापार नीति को लेकर स्थिति थोड़ी अनिश्चित बनी हुई है। अगर नई 15 प्रतिशत ड्यूटी लागू होती है, तो यह पहले से लगने वाले आयात शुल्क के ऊपर लगेगी। यानी किसी उत्पाद पर अगर पहले 5 प्रतिशत ड्यूटी है, तो कुल मिलाकर वह 20 प्रतिशत हो जाएगी। दोनों देशों ने पहले ही इस साल मार्च तक अंतरिम ट्रेड डील पर हस्ताक्षर करने और अप्रैल से उसे लागू करने का लक्ष्य रखा था। यह समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत के करीब 18 फीसदी निर्यात अमेरिका को जाते हैं। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार करीब 186 अरब डॉलर का रहा था।




# मोदी ने विरोधियों को ललकारा

## मेरठ में कहा: कांग्रेस, सपा और बसपा कर रहीं जहरीली राजनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से कहा: हिम्मत है, तो विकास के मुद्दे पर लड़ें

पीएम मोदी व सीएम योगी ने मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं, लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है। मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये एआई ग्लोबल समिट -शेष पृष्ठ दो पर



### महिला सांसदों को भेज, सीट पर कब्जा करके आप पीएम नहीं बन सकते: मोदी

**मेरठ।** पीएम मोदी ने बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास आकर प्रदर्शन करने वालीं कांग्रेस महिला सासंदों को भी निशाने पर लिया। पीएम मोदी ने मेरठ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सांसदों को भेजकर सीट पर कब्जा करने से आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। वहीं उन्होंने एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। पीएम मोदी ने कहा, अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है, तो पहले आपको जनता के दिल जीतने पड़ेंगे, महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो।

### एआई समिट में दुनिया को भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिलीं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में आज कहा कि 'मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है।

देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाई। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं। समिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24गुना 7 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढ़ी के अनुरूप घल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिए सुश्रुत संहिता का चयन किया गया।

# बांग्लादेश में भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू होगी

ढाका, वार्ता

■ भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सुविधाएं सोमवार से मिलने लगेंगी

**बांग्लादेश ने** भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे। दरअसल, बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए चुनाव से पहले सुरक्षा कारणों के चलते 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पर्यटक वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। इसी दौरान नेपाल और भूटान जैसे देशों के लिए भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई थीं। अब चुनाव के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी तरह की वीजा सेवाओं को पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय टूरिस्ट वीजा अभी भी पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ खास श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का संदेश गया है।

### आईएसआई, बांग्लादेश से संदिग्ध संबंधों के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने तमिलनाडु से आठ संदिग्ध आतंकवादियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। आरोप है कि ये सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठनों के निर्देश पर भारत में एक बड़े हमले की साजिश रच रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार प्लेन क्रैश: 28 फरवरी तक आएगी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन क्रैश में हुई मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 28 फरवरी तक जारी की जाएगी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट घटना के एक महीने के भीतर 28 फरवरी तक आ जाएगी। इस बीच, अजित पवार की मौत पर राज्य सरकार के रुख को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं।

### चुनाव आयोग राज्यों के चुनाव कार्यालयों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

■ सेना ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें संगठन का शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी मारे गए।।

अधिकारियों के अनुसार यह एनकाउंटर तब शुरू हुआ जब सेना ने छात्रू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्हें दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में होने की सूचना मिली थी। सूत्रों के अनुसार कमांडर ने पहले भी कई बार सुरक्षा बलों को चकमा दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आतंकियों को ठिकाने लगाया। इस संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और 2 पैरासाफोर्स शामिल थे। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रणनीतिक सटीकता और पूर्ण समन्वय के साथ मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण किया। इस कार्रवाई में दो आतंकी सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए गए और उनके पास से 2 एके-47 राइफलें और 5 एके मैगजीन बरामद हुई।

### पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी, ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

**पोरबंदर (गुजरात)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एटीएस) के साथ मिलकर खुफिया सचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था।

## सैन्य ढांचे में सबसे बड़े बदलाव का खाका हुआ तैयार

# संयुक्त थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं

■ ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन

■ दावा: नया ढांचा 3 महीने में सामने आएगा



**नई दिल्ली।** देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था।

नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जाइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70 प्रतिशत तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20 प्रतिशत तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

## खून से लाल हुई सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तेज गति से आ रही कार गढमलपुर फ्लाई ओवर से उतरते ही अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही ई रिक्शा से टकरा गई। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच एक मोपेड भी आ गई। इस भीषण हादसे में एक युवती सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम करीब पांच बजे रायपुर मार्ग पर भारत गैस गोदाम के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रायपुर की ओर से एक टाटा कार यूपी 20 सीएच 2692 तेज गति से आ रही थी, जो गढ़मालपुर के फ्लाईओवर से उतरते ही अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे दो वाहनों से टकरा



गई, जिसमें एक ई रिक्शा और मोपेड शामिल है। कार दुर्घटना के बाद कई पलटे खाती हुई दूर जाकर गिर गई। इस दुर्घटना में मोपेड यूपी और ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। राहगीरों द्वारा तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। जबकि मृतकों के शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार कार को मंडावली थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी 30 वर्षीय राजकुमार चला रहा था। जिसकी दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं मोपेड पर बढ़ापुर निवासी 45 वर्षीय राजू और उसकी बेटी 25 वर्षीय अंशु सवार थे। दोनों बाप-बेटी की इस दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कोटकादर निवासी धर्म सिंह व एक अन्य सवारी घायल हैं। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने सभी वाहनों को सड़क से हटकर जाम को खुलवाया। सड़क हादसे के बाद सभी के परिवार वाले अस्पताल पहुंचे। जहां चीख पुकार मची हुई थी।

# ट्रक ने बुलेट सवार को कुचला, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ढेला मार्ग पर गन्ने के भरे ट्रक ने बुलेट सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक लेकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और ट्रक में तोड़फोड़ की।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा साहूवाला निवासी धर्म सिंह का 25 वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र सिंह उर्फ मनीष आज शाम बुलेट से नगीना से ग्राम लौट रहा था। बढ़ापुर-नगीना मार्ग से ढेला मार्ग पर भट्टे के निकट मोड़ पर गन्ने से भरे ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी। ट्रक का टायर पुष्पेंद्र के ऊपर से उतर गया। हादसे में पुष्पेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा। सूचना मिलने पर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और बाइक से ट्रक का पीछा किया। ग्रामीणों ने ट्रक को बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर खो नदी के पुल पर पकड़ लिया और ट्रक में तोड़फोड़ कर दोनों शीशे तोड़ डाले। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत किया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और विदेश में रहकर मजदूरी करता था। इस समय वह ग्राम आया हुआ था।

थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# बाईपास निर्माण का प्रस्ताव संसद के प्रयास से स्वीकृत : खुर्शीद मंसूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आजाद चौक बायपास का निर्माण सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रयासों से हो रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी दूसरा नेता इसका क्रेडिट लेने का फर्जी प्रयास न करें।

उन्होंने कहा कि आजाद चौक बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा काफी पहले ही दिया जा चुका था। यह जनहित का मुद्दा था, जिसे क्षेत्र की जनता की सुविधा और ट्रैफिक समस्या के समाधान को ध्यान में रखते हुए उठाया गया था।

साथ ही यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह कार्य विभाग की नियमित (रुटीन) प्रक्रिया के अंतर्गत



## फर्जी ढंग से क्रेडिट न ले कोई

आने वाला काम है, जिसे संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार किया जाना है। ऐसे कार्यों को व्यक्तिगत उपलब्धि बताकर प्रचारित करना उचित नहीं है।

आज जब इस प्रस्ताव पर विभागीय स्तर पर कार्यवाही आगे बढ़ रही है, तो कुछ लोग इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। जनता भली-भांति जानती है कि किसने कब और कैसे इस मुद्दे को उठाया।

जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे विकास कार्यों पर अनावश्यक राजनीति करने के बजाय ईमानदारी और पारदर्शिता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता शीशे के महलों में रहने वाले नेताओं की हैसियत जानती है। वह न तो जनसमस्याएं सुनते हैं और न ही उनका समाधान कराते हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर जनता की समस्याओं का समाधान करने के प्रति बेहद गंभीर हैं। अब चुनाव नजदीक आ रहे हैं इसलिए नेता घरों से बाहर निकल रहे हैं। अब तक इन नेताओं को जनता की कोई फिक्र नहीं थी। यह अपने घरों में आराम फरमा रहे थे। आगामी चुनाव में जनता इन्हें हर का मुंह दिखाएगी।

# चांदपुर में दहेज हत्या के आरोपी पिता-पुत्र अरेस्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम शाहपुर भसौड़ी निवासी छंगा सिंह पुत्र सुंडा सिंह व उसके पुत्र गुरमीत सिंह को गिफ्तार किया है।

13 दिसम्बर, 25 को वादिनी ने थाना चांदपुर में तहरीर दी थी कि गुरमीत सिंह पुत्र छंगा सिंह ने अपने पिता छंगा सिंह पुत्र सुंडा सिंह एवं भाई सुरेन्द्र सिंह व महेंद्री के साथ मिल कर दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को बुरी तरह प्रताड़ित किया। साथ ही गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और बाद में जान से मार दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 715/25 धारा 85, 80 (2), 115 (2), 352, 351(2) एवं 351 (3) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस इस मामले में अभी विवेचना कर रही है।

# क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि का स्वागत

## ग्राम चौपाल में बताई केंद्रीय बजट की विशेषताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम लालपुर में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने ग्राम चौपाल लगाकर केंद्रीय बजट की विशेषताएं बताई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

ग्राम लालपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी वर्गों के लिए लाभकारी है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं बनाई गई है तथा उनका तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। बजट से किसान, व्यापारी, आम आदमी, मजदूर, शिक्षक, छात्र सहित सभी का ध्यान रखा गया है।

केंद्रीय बजट देश की प्रगति की रफ्तार को तेज करेगा। इस दौरान



उन्होंने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, जितेंद्र मलिक, कुलदीप बेनीवाल, संजीव बेनीवाल, दीपक मौर्य, सोनू सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को एक और दर्दनाक दुर्घटना ने परिवार की खुशियां छीन लीं। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवारकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। मौहल्ला मिलकियान निवासी 46 वर्षीय कुलदीप पुत्र दिनदयाल रविवार को किसी कार्यवश ग्राम सिपाहियों वाले गए हुए थे। बताया जा रहा है कि कार्य निपटाने के बाद वह स्कूटी से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुलदीप गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस व एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल में चीख-पुकार का माहौल बन गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर



**बिजनौर।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर द्वारा ग्राम अगरी में एक नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सोपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह और राजा चौधरी के सहयोग से लगाया गया था। शिविर में ग्रामीणों को मुफ्त डॉक्टरी सलाह, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही जरूरी आयुर्वेदिक दवाइयां भी मुफ्त दी गईं। विभिन्न बीमारियों जैसे त्वचा रोग, खांसी-सांस की तकलीफ, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बवासीर-भगंदर, लीवर की समस्या और जोड़ों के दर्द का जांच और इलाज किया गया। कॉलेज के डॉक्टर्स - डॉ. सच्चिदानंद (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. महालक्ष्मी एस (काय चिकित्सा), डॉ. प्रीति श्रीवास्तव (शल्य तंत्र), डॉ. प्रतिभा ठाकुर (काय चिकित्सा), डॉ. हरप्रीत सिंह (पंचकर्म विशेषज्ञ) सहित प्रशिक्षु डॉक्टर्स, अंतिम वर्ष के छात्र, हॉस्पिटल स्टाफ और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में लोगों को कॉलेज के आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की सभी सुविधाओं और पंचकर्म चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज के चेयरमैन अमित गोयल ने कहा कि यहां जटिल से जटिल बीमारियों का आयुर्वेद से इलाज हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठाएं। डॉक्टर्स ने आयुर्वेद के जरिए बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। शिविर के अंत में गांव वालों ने इस अच्छे काम की तारीफ की और भविष्य में भी ऐसे शिविर लगाने की मांग की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देबाशीष पाणिग्राही और डॉ. संतोष गुप्ता ने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों, डॉक्टर्स, स्टाफ और सोपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह का धन्यवाद किया।

### एसआईआर फार्म सुधार शिविर

**नहटौर।** क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रविवार को एसआईआर का विशेष अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के तहत सभी बूथों पर मतदाता पंजीकरण का कार्य किया गया। जिसमें नए मतदाताओं के लिए फॉर्म 6 भरे गए और जारी किए गए नोटिसों की सुनवाई की गई। उपजिलाधिकारी न्याय मजिस्ट्रेट ने बूथों का निरीक्षण भी किया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह एक दिवसीय विशेष अभियान रविवार को प्रारंभ हुआ। सभी बीएलओ और पदाभिहित अधिकारी अपने निर्धारित समय पर बूथों पर पहुंचे और कार्य शुरू किया। विधानसभा क्षेत्र नहटौर के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों और नगर पालिका क्षेत्र में बूथों पर यह कार्य संचालित किया गया। अभियान के दौरान 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं का पंजीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधित करने का कार्य किया गया। साथ ही जारी नोटिसों की सुनवाई भी की गई और नए नोटिस वितरित किए गए। उपजिलाधिकारी न्याय मजिस्ट्रेट राम आशरे ने नगर पालिका क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने जारी नोटिसों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# रमजान में फलों के दामों में उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** रमजान के महीने में फलों के दामों मे आये एकदम उछाल से रोजेदारों को महंगे फल खरीदने पड़ रहे है, जो फल कल 30 रूपए प्रति किलो बिक रहा था, वही फल पपीता आज 50/60 रूपए किलो बिक रहा है। एक दर्जन केला 80 रूपए हो गया जो 40 रूपए बिक रहा था।

अचानक दालों के भी दाम, घी, तेल और अन्य सब्जियां भी काफी महंगी बिक रही है। मंडी कोटला मे सब्जियां, कोटला बाजार में कपड़ा और मीना बाजार जामा मस्जिद सहित बाजार ढाली और बजरया में लगातार बढ़ रही भीड़ भी अच्छी दुकानदारी का परिचायक बना हुआ है। चांदपुर का



सिलारा रोड रेलवे रोड, नेहरू चौक पर भी रमजान माह में सामान की खरीदारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। जनता की माने तो आजकल ग्रामीण इलाकों से सिटी के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा कि सामने आ रही ईद की नजकियां है और इसी के मद्देनजर बच्चों के सामान की लगातार बढ़ रही है। चांदपुर मंडी में भी फलों में ऊपर से ही तेजी का बाजार में असर दिखा रहा है।

फिलहाल बाजारों में चीकू, संतरा, सेब, खजूर, केला व कई अन्य फल भरे तो पड़े है। मगर मंहगे दाम और गरीब के हाथ से फल दूर ही दिखाई पड़ रहे है। हालांकि रमजान की बरकत से सभी मुस्लिमों को सबकुछ समय पर मिल ही रहा है।

# रामगंगा बैराज में धूप सेंकता दिखा मगरमच्छ

## ग्रामीणों को नदी से दूर रहने की सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** रामगंगा नदी बैराज अफजलगढ़ क्षेत्र में रविवार दोपहर उस समय हलचल मच गई, जब नदी किनारे एक विशालकाय मगरमच्छ धूप सेंकता हुआ दिखाई दिया। नदी किनारे घूमने आए लोगों ने जैसे ही उसे देखा, मौके पर भीड़ जमा हो गई।

लोगों की आवाजाही और हलचल बढ़ती देख मगरमच्छ कुछ देर बाद वापस नदी में चला गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार दोपहर रामगंगा नदी बैराज के पास एक बड़ा मगरमच्छ किनारे पर शांत मुद्रा में धूप सेंक रहा था। शुरुआती कुछ मिनटों तक वह बिल्कुल स्थिर रहा। नदी किनारे घूमने आए कुछ लोगों ने मोबाइल फोन से उसका वीडियो बना लिया। जैसे-जैसे आसपास लोगों की संख्या बढ़ी, मगरमच्छ ने खतरा भांपते हुए धीरे-धीरे पानी की ओर रुख किया और वापस नदी में समा गया।

मगरमच्छ का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से साझा किया जा रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मगरमच्छ नदी किनारे कुछ समय तक आराम करता रहा और फिर अचानक पानी में चला गया। स्थानीय लोग इस दृश्य को देखकर हैरान रह गए। कई लोगों ने पहली बार इतने करीब से मगरमच्छ को देखने का दावा किया।

कालागढ़ के रेंज अधिकारी विंदरपाल सिंह ने बताया कि रामगंगा नदी बैराज क्षेत्र में मगरमच्छों की मौजूदगी असामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी रामगंगा बांध क्षेत्र में मगरमच्छों की गतिविधियां देखी गई हैं। रेंज अधिकारी के अनुसार यह क्षेत्र प्राकृतिक आवास का हिस्सा है और यहां मगरमच्छों का रहना सामान्य है। नदी का शांत और विस्तृत क्षेत्र इनके लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

रेंज प्रशासन ने नदी किनारे आने वाले लोगों को सख्त सलाह दी है कि वे नदी के पानी में प्रवेश न करें और मगरमच्छों से उचित दूरी बनाए रखें। वन विभाग का कहना है कि मगरमच्छ सामान्यत: बिना उकसावे के हमला नहीं करते, लेकिन यदि उन्हें खतरा महसूस हो तो वे आक्रामक हो सकते हैं। इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मगरमच्छ नदी पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा होते हैं। वे जलीय जीवों की संख्या को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, मानव बस्तियों और वन्यजीवों के बीच बढ़ती नजदीकी कई बार ऐसे दृश्य सामने ला देती है, जिससे लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ भय भी उत्पन्न होता है।

# अफजलगढ़ में जीएसटी चोरी में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना अफजलगढ़ में 23 दिसंबर 2025 को सहायक आयुक्त राज्य कर खंड-1 धामपुर आशुतोष कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

तहरीर में आरोप लगाया गया था कि सनम एंटरप्राइजेस फर्म के स्वामी तोसैब पुत्र मोहम्मद सुलेमान निवासी आजादनगर, बनभूलपुरा लाइन नंबर-14, वार्ड नंबर-18 हल्द्वानी (उत्तराखंड) द्वारा व्यापार में जीएसटी चोरी की गई है। पुलिस ने मामले में मु. अ.सं. 364/25 के तहत धारा 318(4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान उक्त धारा हटाते हुए 420, 467, 468, 471 व 120बी भादवि की बढ़ोतरी की गई। जांच के दौरान फरमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी लाइन नंबर-12 बनभूलपुरा हल्द्वानी (उत्तराखंड), अमीर अहमद पुत्र शब्बीर निवासी बिजारा खाता उत्तरी, पोस्ट मसवासी





थाना स्वार जनपद रामपुर तथा यासमीन पत्नी सलीक अहमद निवासी गोजाझाली बनभूलपुरा हल्द्वानी (उत्तराखंड) के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि जसपुर निवासी जीशान व वसीम ने विभिन्न लोगों के आधार और पैन कार्ड के जरिए बैंक खाते खुलवा कर उनमें जीएसटी लेनदेन करने की योजना बनाई थी। इसके बदले प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये देने का लालच दिया गया। यासमीन ने अपने बहनोई अमीर अहमद से दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा और प्रति व्यक्ति 20 हजार रुपये देने की बात कही। अमीर ने फरमान को जानकारी दी, जिसके बाद फरमान ने तौसेब के दस्तावेज जुटाकर यासमीन को दे दिए। पुलिस ने फरमान के कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन व 500 रुपये, अमीर अहमद के पास से सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन व 70 रुपये तथा यासमीन के पास से 120 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा : अजय

**शाहजहांपुर में बोले यूपी कांग्रेस अध्यक्ष- शंकराचार्य हम सबके पूजनीय**

**शाहजहांपुर/अमेठी।** शाहजहांपुर में यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य हम सबके पूजनीय हैं, उन्होंने प्रदेश सरकार पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को षड्यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि ये सनातन धर्म का अपमान है, शंकराचार्य हम सबके लिए भगवान स्वरूप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके शिष्यों को गलत मुकदमे में फंसा रही है। दूसरी ओर अमेठी में पूर्व एमएलसी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर अजय राय ने कहा कि हमारे यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो किया बिल्कुल ठीक किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के ऊपर क्या कार्रवाई की भाजपा ने? इससे देश का अपमान हुआ, देश के वैज्ञानिकों का अपमान हुआ और यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो सच्चाई दिखाई है, वह निश्चित तौर से सही कार्य किया है और हम लोग उनका पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारे झांसी के यूथ कांग्रेस के बच्चे को उठाया गया, ललितपुर में बच्चे को उठाया गया। उन्होंने आरा. प लगाया कि तमाम निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, हम सब कांग्रेस के लोग सब उनके साथ हैं और अत्याचार व अन्याय को सरकार तुरंत बंद करे। उन्होंने कहा कि इस कृत्य से पूरी दुनिया में भारत का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी यूथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन का समर्थन किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मेरठ में...** भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था। मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे, तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है।

# मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा!

**लखनऊ, वार्ता**

सपा मुखिया एवं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे को लेकर सीएम योगी पर तीखा हमला बोला और कहा कि रामभद्राचार्य को तो पहले ही जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन के मजबूत होने का दावा किया और धार्मिक नेताओं के अपमान व सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने विकास कार्यों और सीएम की जापान यात्रा पर भी सवाल उठाए।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर अखिलेश यादव ने कहा कि गुरु नानक जी ने कहा था कि कान छेदाने से कोई योगी नहीं बन सकता। इसी कड़ी में उन्होंने रामभद्राचार्य को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि उनके बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन अगर यह उनका चेला है, तो मुझसे बड़ी गलती हुई है। उनके खिलाफ 420 का मुकदमा था, हमने वापस ले लिया था। उन्हें उसी समय जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह



**शंकराचार्य को लेकर अखिलेश का सीएम योगी पर बड़ा हमला**

सरकार बचने वाली नहीं है। जनता ने पहले ही इसे अस्वीकार कर दिया है, अब तो सिर्फ वोटिंग का इंतजार है। उन्होंने पार्टी में नए सदस्यों का स्वागत किया, इस दौरान एआई समिट को लेकर टिप्पणी करते हुए सीएम की जापान यात्रा पर सवाल उठाया, साथ ही उन्होंने धार्मिक नेताओं के अपमान और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए करारा प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता की पीड़ा बढ़ रही है, इसी के साथ पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन मजबूत हो रहा है। उन्होंने मुनिदेव शर्मा, राहुल सिंह, गोपाल सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, करण सिंह, रामलाल वाल्मीकि, शेखर सैनी, दीपक चौधरी को अन्य साथियों को पार्टी में शामिल कराया। एआई समिट को लेकर अखिलेश ने विपक्ष और अपने नेता माता प्रसाद पांडेय की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि इधर सीएम योगी जापान जा रहे हैं, वहां जापान का एक डॉग बहुत फेमस हुआ था दुनिया में, टेक्नोलॉजी को लेकर स्टार्टअप हो रहे हैं, ये हमारी समस्या का समाधान के लिए हैं, लेकिन सीएम हमसे बहुत आगे हैं। अखिलेश यादव ने गीता के एक श्लोक का हवाला देते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि माया में रहकर माया से दूर रहें, वो योगी हैं। उन्होंने शंकराचार्य के अपमान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उनके साथ क्या व्यवहार हो रहा है? जिस समय शिखा को पकड़कर अपमानित किया जा रहा था, उस समय यह लोग कहां थे? हमारी सनातनी व्यवस्था में किसी शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका नहीं गया, लेकिन ये पहली बार हुआ है। अखिलेश ने 20 साल पुरानी घटना का जिक्र किया और कहा कि शंकराचार्य को अपमा. नित करने के लिए किसको ढूंढकर लाए?

रामभद्राचार्य पर 420 का मुकदमा था, उसको हमने वापस लिया, उन्हें उसी समय जेल भेज देना चाहिए था।

## 100 विधायक लाइए और सीएम बन जाइए

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सीएम पद ऑफर किया है। उन्होंने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम में से कोई भी 100 विधायक लाइए और सीएम जाइए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले भी डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, चलों एक बार फिर दे देते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक में से कोई भी 100 विधायक अपने साथ ले आए और मुख्यमंत्री बन जाए। इससे अच्छा ऑफर उन्हें कहीं नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव इससे पहले भी कई बार केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को भी सीएम पद ऑफर किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि केशव और ब्रजेश पाठक इस पर कैसे और क्या प्रतिक्रिया देंगे।

मुक़द्दस रमजान माह की मुबारकबाद
पांचवां रोजा वक्त इफ्तार 23 फरवरी शाम 6:16
छठा रोजा वक्त सहरी 24 फरवरी सुबह 5:23

# मुनीदेव शर्मा व राहुल सपा में शामिल

## सांसद रूचि वीरा, पूर्व जज मनोज कुमार, ठाकुर अमित चौहान व खुश्नूद खान रहे मौजूद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे है, वैसे-वैसे चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं का समाजवादी पार्टी में शामिल होने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद की राजनीति के दो बड़े चेहरे मुनिदेव शर्मा व राहुल चौधरी भी अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज लखनऊ में सपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जनपद की राजनीति के बड़े चेहरे मुनिदेव शर्मा एवं रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल सिंह अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। उनके साथ सपा में शामिल होने वालों में सदर ब्लॉक के पूर्व प्रमुख भोपाल सिंह, जाट महासभा के जिला अध्यक्ष व रिटायर्ड डिप्टी एसपी महेन्द्र पाल सिंह, पालिका बिजनौर की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, जिला पंचायत व जिला योजना समिति के सदस्य करणपाल सिंह भूईयार, पूर्व कर्मचारी नेता अर्जुन सिंह, रालोद के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजीव भुईयार, डीसीएफ के पूर्व चेयरमैन दिलावर सिंह, रालोद के पूर्व जिला मुख्य महासचिव बलजीत शास्त्री, गन्ना समिति के डायरेक्टर सुरेन्द्र सिंह प्रधान, सहकारी समिति झालू के चेयरमैन सूरज सिंह प्रधान, सहकारी समिति चांदपुर के पूर्व चेयरमैन रविंद्र सिंह, छात्र सभा रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन कुमार, रोहित कुमार प्रधान बल्दिया, संजीव कुमार प्रधान सुंदरपुर, धमेंद्र कुमार प्रधान वाजिदपुर, रामलाल वाल्मीकि, देवेश चौधरी, बलराम सिंह, कामेंद्र सिंह, ठाकुर सतीश गहलौत, प्रशांत चौधरी, धमेंद्र कुमार, आकाश कुमार जिला महासचिव युवा रालोद, सिंटू कुमार, पूर्व जिला सचिव रालोद एवं प्रशांत चिकारा जिला महासचिव युवा भी सपा में शामिल हो गए।

इस मौके पर मुरादाबाद की सांसद रूचि वीरा, नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जज मनोज कुमार, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान, वरिष्ठ नेता खुश्नूद खान भी मौजूद रहे।

दूसरी तरफ नगीना के विधायक मनोज पारस के नेतृत्व में रालोद के जिला सचिव नितिन चौधरी, सतेंद्र चौधरी, सुनील चौधरी, शेखर सैनी, सलीम अहमद, चौधरी दीपक कुमार, प्रशांत मौर्य, चौधरी शुभम कुमार, चौधरी वरूण सिंह, मौहम्मद नवाजिश, प्रियम चौधरी व अनिरूद्ध भी आज सपा में शामिल हो गए। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह सभी मौजूद थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इनका पार्टी में स्वागत किया। गौरतलब है कि अभी कई बड़े नेता व पूर्व नौकरशाह सपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे है। जैसे-जैसे सपा के पक्ष में माहौल बनता जा रहा है, वैसे-वैसे यह सिलसिला तेजी पकड़ लेगा। इससे सपाईयों का कुनबा बढ़ रहा है।

उधर पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के करीबी स्योहारा निवासी शैंकी रस्तौगी भी आज जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में सपा में शामिल हो गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका भी स्वागत किया।

# रिक्की गैंग के बदमाश अर्जुन व शुभम अरेस्ट

## गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने खुंखार शातिर बदमाश रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी गैंग के सदस्य अर्जुन कर्णवाल एवं शुभम को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों की गिरफ्तारी गैंगस्टर एक्ट में की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक ने 12 फरवरी को गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा अपराध संख्या 106/2026 पंजीकृत कराया था। जिसमें कहा गया था कि रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी निवासी रम्मू का चौराहा, अंकित उर्फ पहाड़ी पुत्र रवि निवासी राम का चौराहा, शमीम अहमद पुत्र नसीम अहमद निवासी मौहल्ला कस्सावान, अर्जुन कर्णवाल पुत्र रवि निवासी बुल्ला का चौराहा, गोला उर्फ दीपेंद्र उर्फ आकाश पुत्र आशाराम, शिवा पुत्र लेखराज सिंह, लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु पुत्र जयपाल सिंह निवासीगण मौहल्ला नई बस्ती, शशांक पुत्र स्पेंद्र निवासी मौहल्ला जनकपुरी (गाजियाबाद), शुभम पुत्र राकेश निवासी मौहल्ला चमरपेड़ा एवं शबीउद्दीन उर्फ सैबी पुत्र समीलुद्दीन निवासी मौहल्ला अचारजान सब्जी मंडी ने संगठित गिरोह बनाकर भौतिक व आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से अपहरण जैसा जघन्य अपराध किया। जिससे समाज में भय व आतंक का माहौल बन गया। यह मामला फिल्म अभिनेता मुश्ताक का अपहरण कर फिरौती वसूलने का था।

पुलिस ने आज इस मामले में अर्जुन कर्णवाल एवं शुभम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों को तलाश कर रही है। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह शामिल थे।

# चांदपुर में लक्की अरेस्ट



**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने मौहल्ला चिम्मन स्थित श्रीराम कॉलोनी निवासी लक्की उर्फ सुंदर पुत्र मनीराम गिरी को गिरफ्तार किया है। वादी ने 19 फरवरी को थाना चांदपुर में तहरीर दी थी कि लक्की उनकी नाबालिग बहन को अपने साथ ले गया है। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले में अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ0 सलमान
की जानिब से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
मौ0 सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

# किसान ने फांसी लगाकर जान दी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के पटपड़ा गांव में देर रात के समय एक किसान ने बीमारी से परेशान होकर फंदे से लटककर जान दे दी।

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पटपुरा गांवड़ी निवासी मृतक बृजेश चौहान (46 वर्ष) पुत्र स्व. रोहिताश सिंह पेट की बीमारी से ग्रस्त थे। शनिवार की देर रात लगभग 12 बजे वह घर से चुपचाप मुख्य द्वार की कुंडी बाहर से लगकर निकले थे। रविवार की सुबह लगभग सात बजे राहगीरों ने घने कोहरे के बीच बृजेश के शव को पेड़ से लटके देखा। ग्रामीणों ने परिजनों एवं पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी पत्नी व दो बेटों साहिल (10 वर्ष) व अर्पित (7 वर्ष) के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि बृजेश करीब पांच वर्ष से किडनी की बीमारी से परेशान था और दो साल से गन्ने की फसल की अच्छी पैदावार न होने से आर्थिक रूप से कमजोर हो गया था। इससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा था।

पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इसमें किसान ने अपनी दोनों किडनी खराब होने और बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद उसका बिजनौर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। छोटा बेटा भी पिता की तरह ही गंभीर रूप से बीमार है बताया जा रहा है कि पिता की तरह ही उसे भी डॉक्टरों ने लाइलाज घोषित कर दिया है। मृतक बृजेश बाबा रामपाल जी के अनुयायी थे। बृजेश की माता की मृत्यु बाबा के आश्रम में भगदड़ के दौरान हो गई थी।

## खालिद-तालिब के तीन स्टोन क्रेशरों पर गिरी गाज

**नजीबाबाद।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में बिजनौर के खालिद-तालिब के मामले में बरेली से खनन सीनियर सर्वेयर दिनेश कुमार, खनन निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार अमित कुमार की राजस्व टीम ने मंडावली क्षेत्र के श्यामीवाला में ताज स्टोन क्रेशर व नारायणपुर रतन में सुपर स्टोन क्रेशर, सागर स्टोन क्रेशर पर पहुंचकर जांच की। जांच में कई कमियां पाई गई। जिस पर खालिद-तालिब के तीनों स्टोन क्रेशरों को सील कर दिया गया। हुमा समद पत्नी मौहम्मद तालिब मौहल्ला चाहशीरी बिजनौर के नाम से श्यामीवाला स्थित ताज स्टोन क्रेशर व नारायणपुर स्थित सुपर स्टोन क्रेशर पंजीकृत है।

वहीं नारायणपुर स्थित सागर स्टोन क्रेशर मौहल्ला तराई शेरकोट निवासी आफाक के नाम से पंजीकृत हैं। तीनों स्टोन क्रेशर से स्टॉक व अन्य कई कमियां पाई जाने के मिलते क्रय व विक्रय पर रोक लगाते हुए नारायणपुर सुपर स्टोन क्रेशर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

# मालिन नदी पर स्थायी पुल की मांग तेज

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोक निर्माण मंत्री को लिखा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में मालिन नदी पर स्थायी पुल निर्माण को लेकर एक बार फिर मांग तेज हो गई है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर मालिन नदी तथा मान. नगर रामगंगा घाट पर स्थायी पुल निर्माण की तत्काल स्वीकृति देने की मांग की है।

सांसद ने पत्र में बताया है कि मालिन नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण नांगल थाना क्षेत्र और किरातपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण पिछले कई दशकों से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यह मार्ग केवल एक-दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि सबलपुर, बरकातपुर, पुंडीर खुर्द, कमालपुर, चंदोक, मानपुर, महंसापुर, खेडी, नया गांव, बरामपुर सहित अनेक गांवों के लिए जीवनरेखा की तरह कार्य करता है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण प्रतिदिन इसी मार्ग से खेतों, बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण बरसात के मौसम में जब जलस्तर बढ़ जाता है तो संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर अस्थायी साधनों या वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ता है। कई बार इस दौरान दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीण हर वर्ष अपनी मेहनत और निजी खर्च से लकड़ी, बांस, मिट्टी व लोहे के सहारे अस्थायी पुल तैयार करते हैं ताकि कुछ समय के लिए आवागमन बना रहे। लेकिन पहली ही तेज बारिश में यह अस्थायी पुल बह जाता है, जिससे ग्रामीणों की मेहनत और लाखों रुपये की लागत व्यर्थ हो जाती है। सांसद ने पत्र में बताया कि लगभग 40 वर्षों से मालिन नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग उठती आ रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने माननगर गांव के पास बह रही रामगंगा नदी के घाट पर भी स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई है। यहां पुल न होने के कारण सैकड़ों किसानों को अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ी से नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जनसुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा

पत्र में यह भी कहा गया है कि स्थायी पुल न होने की समस्या केवल आवागमन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनसुरक्षा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। पुल बनने से बच्चों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा और किसानों को अपनी फसल बाजार तक ले जाने में सुविधा मिलेगी।

### प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति की मांग

सांसद ने सरकार से आग्रह किया है कि मालिन नदी और माननगर रामगंगा घाट ख्र दोनों स्थानों पर स्थायी पुल निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाए और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों नागरिकों को स्थायी राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पुल निर्माण की मांग केवल फाइलों में सिमट कर रह जाती है। अब सांसद द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि सरकार इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेकर जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

# अल्लाहवाला में गुरु रविदास जी का भंडारा

## शुक्रताल से पधारे संत सतीशदास महाराज ने विधि-विधान से कराई पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला अल्लाहवाला में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के तृतीय विशाल भंडारे का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर शुक्रताल से पधारे संत सतीशदास महाराज ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने उपस्थित लोगों को गुरु रविदास जी के आदर्शों और शिक्षाओं का अनुसरण करने का संद. ेश दिया तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सिद्धार्थ कुमार, सौरव कुमार, विकास कुमार, बोबी कुमार, सागर सिंह, नीरज कुमार, रवि कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## होली व ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**कोतवाली देहात।** क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना कोतवाली देहात परिसर में आगामी त्योहारों होली एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी से त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। उपस्थित लोगों से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने एवं तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक,आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने, जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में थाना अध्यक्ष प्रवेश तोमर, ग्राम प्रधान इमरान शमी, वीरपाल सिंह, अरविंद विश्नोई, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

# वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरूपयोग करने पर रोजगार सेवक की सेवा समाप्त करने के निर्देश

### संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद निवासी ग्राम नूरपुर अरब के शिकायती पत्र, जिसमें ग्राम सेवक द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत भारी अनियमितता के आरोप से संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा कराई गई।

जांच में पाया गया कि शहबाज, ग्राम रोजगार सेवक ग्राम पंचायत नूरपुर अरब द्वारा अपने परिवारजनों के डुप्लीकेट जॉब कार्ड जारी करके बिना काम किए फर्जी मस्टररोल भरकर, अपने परिवारजनों को दूसरी बिरादरी के जॉब कार्डो में कूट रचना से जोड़कर सरकारी धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण किया गया तथा नियमित संविदा कर्मी आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती यशोदा को फर्जी मस्टररोल भरकर धनराशि का भुगतान कराया गया है।

उन्होंने उक्त क्रम में खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, विकास खण्ड कोतवाली, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत नूरपुर अरब शहबाज पुत्र अय्यूब के विरूद्ध फर्जी जॉब कार्ड बनाने, एक बिरादरी के व्यक्तियों का नाम दूसरी बिरादरी के जॉब कार्ड में जोड़ने, काल्पनिक व्यक्ति का जॉब कार्ड बनाने एवं मस्टररोल भरने तथा कुल रूपये 467436/- की धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण करने के लिए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), विकास खण्ड कोतवाली को निर्देशित किया जाता है कि वह अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने के लिए नियमानुसार ग्राम पंचायत द्वारा कार्यवाही कराएं। जिला पंचायतराज अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि नियमानुसार ग्राम पंचायत की बैठक यथाशीघ्र कराई जाए तथा अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त की जाएं।

उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर को आदेश किया जाता है कि वह अपचारी आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती यशोदा के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही व धनराशि की वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण अत्यन्त गम्भीर वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरूपयोग से संबंधित हैं, इसलिए इस पर संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से गन्ना जला

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा निवासी मुन्नू चिकारा के खेत में हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार गिरने से उनके करीब 5 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। मुन्नू चिकारा के पुत्र सोनू चिकारा ने बताया कि 5 बीघा जमीन में खड़ा करीब साढ़े चार सौ कुंटल गन्ना जल गया, जिससे करीब दो लाख रुपयों का नुकसान हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआयना कर मुआवजे की गुहार लगाइए है।

# बोर्ड परीक्षाओं के बीच पूरी रात गूंज रहा डीजे

### नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक ओर बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को संवारने के लिए रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नगर में पूरी-पूरी रात तेज आवाज में डीजे बजाकर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो जिम्मेदारों को विद्यार्थियों के भविष्य से कोई सरो. कार ही नहीं है।

रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर स्पष्ट प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर पूरी-पूरी रात तक कानफोड़ू शोर जारी रहता है। प्रशासनिक आदेश कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं और नियमों का पालन कराने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा।

तेज ध्वनि के कारण न केवल परीक्षार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि बुजुर्ग, बीमार और छोटे बच्चे भी रातभर परेशान रहने को मजबूर हैं। अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह शोरगुल चलता रहा तो बच्चों की तैयारी पर गंभीर असर पड़ेगा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सवाल यह उठता है कि जब नियम स्पष्ट हैं तो उनका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा? क्या बोर्ड परीक्षाओं से अधिक महत्वपूर्ण रातभर बजने वाला डीजे है?

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और आवश्यक होने पर उपकरण जब्त किए जाएं।

यदि समय रहते कड़ाई नहीं बरती गई तो यह लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हो सकती है।

## मीना बाजार में दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला पंजाबियान के मीना बाजार में शनिवार को एक साधारण विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया। कपड़े की वापसी को लेकर शुरू हुई बहस कुछ ही मिनटों में मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई, जिससे पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुई इस हिंसा से बाजार में मौजूद ग्राहक व अन्य दुकानदार घबरा गए। कई दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोगों के सिर फट गए और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया।

एक ग्राहक खरीदा हुआ कपड़ा वापस करने दुकान पर पहुंचा था। लेकिन दुकानदार की तरफ से कपड़ा वापस लेने से इनकार करने पर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। पहले मामला जुबानी बहस तक सीमित था। लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। चश्मदीदों के अनुसार, झगड़े के बाद ग्राहक वहां से चला गया। लेकिन कुछ समय बाद अपने साथियों के साथ दोबारा दुकान पर पहुंचा। इसके बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए और जमकर लात-घूंसे चले। हालात तब और बिगड़ गए जब लोगों ने हाथों में ईंट और पत्थर उठा लिए और एक-दूसरे पर फेंकने लगे। घटना का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबा. इल में कैद कर लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि भीड़ के बीच किस तरह पत्थरबाजी हो रही है और लोग जान बचाने के लिए भाग रहे हैं।

# सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ों को काट ले गए माफिया

### क्षेत्र में माफिया बेलगाम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सीरवासुचंद में ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को लकड़ी माफिया दिनदहाड़े काट कर ले गए। कुछ ग्रामीणों ने लकड़ी माफियाओं द्वारा पेड़ काटे जाने की वीडियो बना ली है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद में खसरा संख्या 21 में जोहड़ी स्थित है। जोहड़ी के किनारो पर चारों ओर हजारों रुपए मूल्य के यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े थे, जो कि राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज हैं। ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के सरकारी पेड़ों को कुछ दबंग लकड़ी माफियाओं ने रविवार सुबह काट लिया और ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कटान से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों ने इस मामले में राजस्व विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं और जांच की मांग की है।

इस संबंध में तहसीलदार धामपुर धनराज पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-05 के सम्पत्ति सं. -29 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में-अ. वहीद पुत्र अ. हमीद के नाम दर्ज है। अत: अ. वहीद पुत्र अ. हमीद का नाम निरस्त कर श्रीमति रोशन जहां पत्नी श्री कय्यूब का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-24 के सम्पत्ति सं. -233 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में-श्री जैकम कलीम पुत्र मौ. सादिक के नाम दर्ज है। अत: श्री जैकम कलीम पुत्र मौ. सादिक का नाम निरस्त कर अमजद अली पुत्र श्री इस्माईल का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

# प्राचीन शिव मंदिर का कायाकल्प शुरू

## एक करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण, भूमि पूजन एवं शिलान्यास सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देने के संकल्प के साथ ग्राम फतेहपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के विकास कार्यों का श्रीगणेश हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से होने वाले भवन निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सम्मानित ग्रामवासियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह परियोजना न केवल मंदिर की भव्यता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी पूरा करेगी।

प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस कार्य से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी, वहीं क्षेत्र में पर्यटन के अवसर भी बढ़ेंगे। ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्राचीन शिव मंदिर की ऐतिहासिकता और आस्था को देखते हुए यह विकास कार्य अत्यंत आवश्यक था। पर्यटन विभाग की इस पहल से नहटौर क्षेत्र के मान-सम्मान और विकास को नई गति मिलेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-25 के सम्पत्ति सं. -79 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में नवकेतन शर्मा पुत्र श्री गौरी शंकर शर्मा के नाम दर्ज है। अत: नवकेतन शर्मा पुत्र श्री गौरी शंकर शर्मा का नाम निरस्त कर श्रीमती निकेता माहेश्वरी पत्नी श्री विपूल माहेश्वरी का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.-25 के सम्पत्ति सं. -12/2 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में अरविन्द किशोर शर्मा पुत्र श्री वेध बोधराम के नाम दर्ज है। अत: अरविन्द किशोर शर्मा पुत्र श्री वेध बोधराम का नाम निरस्त कर श्रीमती उमा शर्मा पत्नी श्री अरविन्द किशोर शर्मा व दिव्या कपिल, अदिती कपिल पुत्री श्री अरविन्द किशोर शर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री जियाउद्दीन** द्वारा **संस्था मस्जिद अबुबकर इन्तजामिया कमेटी, ग्राम जमालपुर बांगर पोस्ट सैदपुरी महीचन्द तहसील नगीना, जिला बिजनौर** का **प्रबन्धक/मुतावल्ली** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1.मतलूब अहमद- उपप्रबंधक/ नायब मुतावल्ली, 2. जियाउद्दीन- प्रबंधक/ मुतावल्ली, 3. मनव्वर अली- कोषाध्यक्ष, 4. कफील अहमद- उपकोषाध्यक्ष/ नायब खजांची, 5. मौ. रियाज- सदस्य, 6. इकबाल अहमद- अध्यक्ष/ सदर, 7. अकील अहमद- उपाध्यक्ष/ नायब सदर दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक**

# खो नदी में कूदे युवक का सुराग नहीं

## पीएसी की 15 सदस्यीय टीम ने चलाया सघन सर्च अभियान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो बैराज में कूदे व्यक्ति का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। दूसरे दिन भी पीएसी की 15 सदस्यीय टीम ने खो नदी में सघन सर्च अभियान चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल सकी थी।

मालूम हो कि मुन्नी देवी कॉलोनी, धामपुर निवासी योगेश सैनी (24) पुत्र दिनेश सैनी शनिवार को अपने दोस्त रिंकू सैनी के साथ सरकड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रिंकू सैनी ने बताया कि लौटते समय योगेश ने शेरकोट में एक रिश्तेदार से मिलने की बात कही। जैसे ही दोनों खो बैराज पुल पर पहुंचे, योगेश ने अचानक बाइक रुकवाई और बिना कुछ कहे नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम तक तलाश कराई गई, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। रविवार को पीसी दिनेश सिंह राणा, 23वीं बटालियन प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) मुरादाबाद के नेतृत्व में 15 सदस्यीय रेस्क्यू दल ने सुबह करीब 11 बजे से अभियान संभाला। टीम विशेष उपकरणों के साथ नदी की गहराई में खोजबीन कर रही है।

परिजनों के अनुसार योगेश अपने परिवार में एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और वह देहरादून में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। हाल ही में वह रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने के लिए धामपुर आया हुआ था। घटना के बाद से परिजनों में चिंता व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा पीएसी की टीम द्वारा तलाश जारी है।

### शेरकोट खो बैराज आत्महत्या करने वालो के लिए बना आसान स्थल

**शेरकोट।** सुसाइड करने वालो के लिए खो बैराज का पुल आसान स्थल बनता जा रहा है। महिला हो या व्यक्ति आपसी रंजीश के चलते सिधे इस पुल पर आते है,ओर खो बैराज पुल से कूदकर आत्म हत्या करते रहते है। इतना ही कुछ वर्षो मे आत्म हत्या करने वालो की सख्या काफी पहुँच चुकी है। बताया जाता है कि आत्म हत्या करने की कोशिश करने वाली महिलाओं व व्यक्ति को आसपास के लोगों द्वारा देखे जाने पर उन्हें बचा लिया जाता है।

# आरजेपी में दी योजनाओं की जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धन वर्ग, दिव्यांग जनों, बच्चों, स्त्रियों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आदि के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर का आयोजन आरजेपी इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमे भारतीय डाक विभाग द्वारा हिस्सा लिया गया।

डाक विभाग द्वारा जन कल्याण कारी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा योजनाएं, जन सुरक्षा योजनाएं, डाकघर बचत योजनाएं, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व अन्य सेवाओं की जानकारी दी गयी। सुकन्या योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में मायरा, मन्नत व एजल को तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से स्कालरशिप प्राप्त करने वाले हर्षित काकरान को सम्मानित किया गया।

इस मेगा शिविर में विभागीय सेवाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा द्वारा गठित की गई टीम में नोडल अधिकारी सहायक अधीक्षक धामपुर राजबहादुर सिंह, जन सम्पक निरीक्षक मौहम्मद आसिफ, डेवलपमेंट ऑफीसर आनंद कुमार कार्यवाहक IPPB मैनेजर रौशन, मार्केटिंग एक्सिक्यूटिव योगेश कुमार, कार्यालय सहायक (बचत बैंक) निर्भान सिंह, कार्यालय सहायक (बिजनेस डेवलपमेन्ट) नरेश कुमार, कार्यालय सहायक (पीएलआई) नीरज शर्मा, सोमेश आदि उपस्थित रहे व टीम द्वारा कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। शिविर में आने वाले आगंतुकों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने कहा कि आगे भी यदि इस प्रकार यदि शिविर का आयोजन होगा तो डाक विभाग उसमें अपना पूर्ण सहयोग देगा व बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा।

डाक विभाग स्वयं भी समय समय पर अपनी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु शिविर का आयोजन करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

## एक नजर

### चारा काट रही महिला से दुष्कर्म

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका पति कल्लू मनाली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। घर पर वह अकेली रहती है। बीती 19 फरवरी को शाम चार बजे वह चंदोक निवासी विक्की के खेत में बरसीन काट रही थी। तभी विक्की मौके पर आ गया। विक्की ने कहा कि तुम चोरी से बरसीन काट रही हो। मैं तुम्हारी पुलिस में रिपोर्ट करूंगा। जिसके बाद विक्की मुझे डरा धमका कर गन्ने के खेत में ले गया और मेरे साथ बलात्कार किया। मेरा शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें देख कर विक्की मौके से फरार हो गया। यह घटना उसने अपने पति को बताई, जिसके बाद उसका पति घर आ गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### मिलेनियम में ताइक्वांडो प्रतियोगिता




**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तृतीय इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चारों सदन के बीच खेली गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। यह प्रतियोगिता ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा व पीटीआई गजेय सिंह की देखरेख में की गई। इस प्रतियोगिता में नीला सदन ने 10 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व छह कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नीला सदन व तृतीय स्थान पर पीला सदन हाउस रहा। सभी विजेताओं को विद्यालय की चेयरपर्सन एवं प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी, मेडल व प्रशिक्षित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि, रिया, नेहा, अर्शी अबरार, केशव कुमार, मंतोष कुमार, बालेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

### सीडीओ ने लापरवाही पर चेताया




**नगीना।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को जन शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रखकर, जमीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 15 शिकायतें दर्ज की गईं। मौके पर 7 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष 8 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सीडीओ ने उन्हें निश्चित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निस्तारण में लापरवाही पाई गई या शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशान किया गया, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से ही शासन और प्रशासन पर जनता का विश्वास बना रहेगा। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, बीडीओ ज्योति चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट प्राप्त करने का अवसर

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत पर कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in एवं upfposhaktiportal.up.gov.in पंजीकृत एफपीओ, सहकारी समितियों, प्राइवेट इण्डस्ट्रीज के लिए 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापन कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत या अधिकतम रुपए 9,90,000 तक अनुदान अनुमन्य है, जिसे प्राप्त करने के लिये आनॅलाइन आवेदन 10 मार्च 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर प्राप्त किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। ऑयल एक्ट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) के लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जनपद स्तरीय गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन 'ई-लॉटरी' के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। अत: इच्छूक एफपीओ/सहकारी समितियों / प्राइवेट इण्डस्ट्रीज 10 मार्च, 2026 तक उक्त का लाभ प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

# कवयित्री कविता नामदेव मातृभाषा रत्न सम्मान से सम्मानित

**नजीबाबाद।** स्थानीय निवासी कवयित्री कविता नामदेव को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा।

# फर्जी वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

## कई धाराओं में मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भ्रामक वीडियो वायरल करने तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरा. पी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2026 को वादी द्वारा थाना धामपुर में तहरीर दी गई थी कि आरोपी दीपक पुत्र भरत सिंह निवासी अकबरपुर बहादुरगढ़, जनपद गाजियाबाद द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल किए गए। आरोप है कि आरोपी ने वादी के साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस एवं धारा 67(ए) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपों की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 376, 504 व 506 भादवि की वृद्धि की गई। इसके बाद थाना धामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई में थाना धामपुर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुन्नू कुमार एवं कांस्टेबल लोकेश कुमार शामिल रहे। कोतवाल मृदुल कुमार का कहना है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री के प्रसार से बचें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# भारतीय झंडा संहिता-2022 का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि सरकारी, अर्द्ध सरकारी तथा आमजन की जानकारी के लिए भारतीय झंडा संहिता-2002 में निहित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सम्मान एवं अनुपालन करना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भारतीय झंडा संहिता, 2022 में निहित मुख्य दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपड़े से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती, पॉलिस्टर, ऊनी, सिल्क, खादी के कपड़े से बनाया गया हो। जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा, प्रदर्शित कर सकता है। बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। भारतीय झंड़ा संहिता, 2002 को 20 जुलाई, 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया एवं भारतीय झंडा संहिता के भाग के पैरा 2.2 की धारा को निम्नलिखित धारा से प्रतिस्थापित किया गया कि 'जहां झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है, परन्तु झंडे की लम्बाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये, तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडों के साथ एक ही ध्वज-दंड से नहीं फहराया जाये। सं. हता के भाग-111 की धारा-इस में उल्लखित गणमान्यों जैसे राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय झंडे से ऊंचा या उससे ऊपर या उसके बराबर में नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय झंडा संहिता, 2002, गृह मंत्रालय की वेबसाइट www.mha.gov.in पर उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी श्री कौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद कार्य कर्मों के अवसरों पर जनता द्वारा प्रयोग किये जाने वाले कागज के बने राष्ट्रीय झंडों को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए, बल्कि ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप एकान्त में किया जाए।

# निशि ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान पाया

**नजीबाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नजीबाबाद में बीटेक प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में निशि चौहान ने 86.22 प्रतिशत अंक पाकर कथा में प्रथम, प्रियांशी अग्रवाल ने 80.22 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व स्नेहा ने 80.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस इसफला के पीछे अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। शिक्षकों के अनुसार नियमित कक्षा में उपस्थित नियमित अध्ययन से इन बच्चों को सफलता हासिल हुई। शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दुनिया चले ना राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। होली को देखते हुए बाबा के दरबार में फूलों की पंखुड़ियां से होली खेली गई और सभी पर फूलों की वर्षा की गई।

सूर्य नगर कॉलोनी में श्री शिव शक्ति आराधना मंडल के आह्वान पर गत वर्ष की भांति श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन दुनिया चले ना राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर सबका उत्साह वर्धन किया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली और सबने एक दूसरे के ऊपर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजकों को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री शिव शक्ति आराधना मंडल में खजान सिंह, संजीव चौहान, अमितचंद सिंह, रामकुमार सिंह, सतीश कुमार, अशोक कुमार, बृजेश कुमार, पवन कुमार, घनश्याम सिंह, आदेश कुमारी, रूबी रानी, कमलेश रानी शर्मा, बीनू चौहान, पूनम रानी आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य डॉ. दिनेशचंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा, शोभित अग्रवाल आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# आजादी की गूंज का साक्षी 'पिलखन'

## शतायु वृक्ष यूपी सरकार की नीति के तहत संरक्षित करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एएसपी कार्यालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक पिलखन का वृक्ष केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई, सामाजिक आंदोलनों और न्यायिक इतिहास का जीवंत साक्षी है। लगभग 141 वर्ष पुराने इस शतायु वृक्ष को उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अंतर्गत संरक्षित किया गया है।

स्थानीय इतिहासकार और वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट के अनुसार यह पिलखन 19वीं शताब्दी से यहां मौजूद है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1942 में जब महात्मा गांधी के आह्वान पर देशभर में 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू हुआ, तब धामपुर के तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चौधरी कुलमणि सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खुला बिगुल फूंका था। 12 अगस्त 1942 को उन्होंने अपने नेतृत्व में धामपुर में एक विशाल जुलूस निकाला। स्कूल की छुट्टी कराकर जुलूस को पहले थाने और फिर तत्कालीन तहसील परिसर तक ले जाया गया। इसी ऐतिहासिक पिलखन के नीचे बने चबूतरे पर खड़े होकर चौधरी कुलमणि सिंह ने जोशीला भाषण देकर अंग्रेजों को ललकारा था।

बताया जाता है कि ब्रिटिश शासन के समय यहां तहसील कार्यालय हुआ करता था। इसी पिलखन के नीचे वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू चंद्रदत्त मुख्तार, द्वारका प्रसाद, अब्दुल गफ्फार सहित कई वकीलों ने वर्षों तक वकालत की। बाबू चंद्रदत्त मुख्तार वर्ष 1928 में धामपुर आए थे और उन्होंने यहीं से अपने वकालती जीवन की शुरुआत की। उनके अनुसार उस समय भी यह वृक्ष लगभग 40-45 वर्ष पुराना था, जिससे इसकी स्थापना लगभग सन् 1885 के आसपास मानी जाती है।

गजेंद्र सिंह बताते हैं कि वृक्ष स्थानीय लोगों के बीच 'धनवर्षा वृक्ष' के नाम से भी प्रसिद्ध रहा है। इसकी छांव में बैठकर वकालत करने वाले अनेक अधिवक्ता बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष बने। इसके अलावा स्टाम्प विक्रेता, कातिब (दस्तावेज लेखक) भी यहीं बैठकर कार्य करते थे, जहां लाखों रुपये के स्टाम्प और बैनामों का लेनदेन हुआ करता था। लोगों का मानना है कि इस वृक्ष की छाया में बैठकर आजीविका कमाने वालों को समृद्धि प्राप्त होती रही।

समय के साथ इस भूमि का स्वामित्व बदलता रहा। पहले यह क्षेत्र जमींदारी व्यवस्था के अंतर्गत था, बाद में ब्रिटिश राज में राजस्व विभाग के अधीन आया। वर्ष 2010 में तहसील धामपुर के स्थानांतरण के बाद यह भूमि माध्यमिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दी गई। यहां राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण हुआ। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी इसी परिसर में स्थापित हुआ। वर्तमान में इस पिलखन की छांव में आम लोगों के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है। यह ऐतिहासिक वृक्ष न केवल स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है, बल्कि धामपुर की सामाजिक, कानूनी और प्रशासनिक विरासत का भी प्रतीक बन चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस पिलखन को धामपुर की पहचान के रूप में संरक्षित रखा जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकें।

# युवती ने अपने ही परिवार पर लगाया सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** सोशल मीडिया पर आज तेजी से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवती अपने ही परिजनों पर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगा रही है। युवती का कहना है कि उसी के दम पर अब तक उसके परिजन सरकारी भूमि को कब्जा कर घेर बनाये हुए थे। हालांकि अब युवती का कहना है कि उसने अपने परिजनों के सिर से अपना हाथ हटा लिया है, जिसके बाद चांदपुर उप जिलाधिकारी को इन लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र व ब्लॉक जलीलपुर के ग्राम जोगी औंधा निवासी शिवानी चौधरी ने सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम) आदि प्लेटफार्म के माध्यम से अपना वीडियो वायरल कर बताया कि उसके घर वाले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर घेर बनाए हुए हैं। शिवानी ने वीडियो में बताया कि उनका ग्राम प्रधान कमित भी उस सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं करा सका। उसने वीडियो के माध्यम से उप जिलाधिकारी चांदपुर से इस अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। हालांकि वीडियो में यह भी साफ कहा गया है कि अब तक इस अवैध कब्जे को केवल इसलिए नहीं हटवाया जा सका, क्योंकि शिवानी के परिजनों पर शिवानी का हाथ था लेकिन अब उसके हाथ हटा लेने के बाद उसने इस अवैध कब्जे को प्रशासन से हटवाने की मांग की है। यह तो साफ है कि यदि यह कब्जे की सरकारी भूमि पाई जाती है तो इसमें न केवल शिवानी के परिजन बल्कि उनके ऊपर जिन-जिन का हाथ था, वह भी बराबर के दोषी हैं जिन पर समान कार्रवाई होनी चाहिए।

# छत्रपति शिवाजी महाराज एवं गुरु गोलवलकर की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती मनायी गई। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया।आचार्य बन्धु-बहिनों ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को गोलवलकर एवं शिवाजी महाराज के जीवन से तथा आचार्य घनश्याम सिंह ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों से भैया-बहिनों को अवगत कराया। आचार्य संजय सिंह ने भैया-बहिनों को बताया कि माधवराज सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत माता को समर्पित किया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


# संविधान बचाओ संवाद सभा में बढ़-चढ़कर लें भाग: अविनाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे के दिल्ली से दातागंज जनपद बदायूं के लिए जाते गुन्नौर में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा ज़ोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे बदायूं जिले के दातागंज में आयोजित महत्वपूर्ण संविधान संवाद एवं मनरेगा बचाओ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने जा रहे थे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती तथा जनता के अधिकारों पर चर्चा करना है। अविनाश पांडे के जनपद के गुन्नौर पहुंचते ही जिला कांग्रेस कमेटी सम्भल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समर्थकों ने बड़े उत्साह के साथ ज़ोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में फूल-मालाओं से लादकर, नारेबाजी के साथ तथा भव्य आतिथ्य सत्कार किया गया। अविनाश पांडे ने स्वागतकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में

**0 बदायूं के दातागंज जाते जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अ. भा. कां. कमेटी के महासचिव का किया जोरदार स्वागत**

कांग्रेस पार्टी तेजी से संगठित हो रही है और जनता के बीच वापसी कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे संविधान बचाओ संवाद सभा में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सम्भल के अध्यक्ष, आरिफ तुर्की, हाफिज गुडडू, जान मोहम्मद, डीके वाल्मीकि, सलीम सैफी, सुनील कुमार शर्मा, सफी सैफी, भूरे अली, सुनील यादव, पुरुषोत्तम पाल, श्रृषभ यादव, तंजीम जाकिर, नोमान हैदर मुशर्रफ हुसैन अंजार तुर्की,प्रमोद कुमार, आयुष गुप्ता, बबलू कुरैशी, शमीम सैफी, शकील अल्वी, इरफान अल्वी, अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



सम्भल। बदायूं के दातागंज जाते कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे का गुन्नौर में स्वागत करते कांग्रेसी।

# पाबंदी के बावजूद स्कूलों के बाहर पान गुटखे की दुकान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अदालत की रोक के बावजूद स्कूल-कालेजों के बाहर पान, बीड़ी, गुटखा व सिगरेट की खुलेआम बिक्री हो रही है। स्कूल कालेजों के प्रबंधनतंत्र की शिकायतों के बाद भी न तो पुलिस अफसर चेते और न प्रशासनिक अधिकारी। नतीजतन शिक्षण संस्थाओं के बाहर गुटखा, बीड़ी व सिगरेट की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।

बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से गुटखा, बीड़ी व सिगरेट आदि के मानक तय कर रखे हैं। शिक्षण संस्थाओं और धार्मिक स्थलों के आस-पास इनकी बिक्री प्रतिबंधित है, लेकिन पुलिस और

**0संस्थाओं के आसपास पांच सौ मीटर के दायरे में पानी, बीड़ी, गुटखा व शराब की दुकानों को किया है पूर्णतः प्रतिबंधित**

प्रशासनिक अधिकारियों की शह पर शिक्षण संस्थाओं के बाहर पान, बीड़ी, सिगरेट व गुटखा आदि की खूब बिक्री हो रही हे। इसकी वजह से इन स्कूल-कालेजों में पढ़ने वाले छात्र इनका प्रयोग करने लगते हैं। उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही स्कूल- कालेज की पढ़ाई का माहौल भी खराब होता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान शिक्षण संस्थाओं के आस पास 500 मीटर के दायरे में पान, बीड़ी व गुटखा तथा शराब आदि की दुकानों को पूर्णतया प्रतिबंधित किया है। जेएस हिंद इंटर कालेज के बाहर ही पान, बीड़ी, गुटखा व सिगरेट की दुकान है, ऐसी ही स्थिति अन्य स्कूल कालेजों की भी है। जिससे स्कूल-कालेजों का पढ़ाई का वातावरण दूषित हो रहा है।

# तीस माह से नगर पंचायत का अपना नहीं है ई ओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** स्थानीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने व नए बोर्ड के गठन के कुछ समय बाद अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण गैर जनपद को हो गया थ्ज्ञा। जिसे लगभग तीस माह का समय हो चुका है। जब से अब तक अतिरिक्त प्रभार वाले अधिशासी अधिकारियों से काम चल रहा है।

गौर तलब है कि कौसर अब्बास ने अध्यक्ष पद एवं सभासदों ने 26 मार्च 2023 को पद एवं गोपनीयता कीी शपथ ली थी। इसी के साथ नवगठित बोर्ड की पहली बैठक 15 जून 2023 को अधिशासी अधिकारी प्रथ्वीराज यादव के संचालन में आयोजित की गई थी,लेकिन इस बैठक के लगभग 45 दिन बाद ई ओ का गैर जनपद को दस जुलाई 2023को स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद सम्भल नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया। जिनका कार्यकाल आाठ माह रहा। इनके बाद नरौली नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता

**0 अतिरिक्त प्रभार वालों से चल रहा है काम**

को अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया। जिनका कार्यकाल मात्र चार माह रहा। इनके बाद अटठारह जुलाई चौबीस को मणि भूशण तिवारी को कस्बे की नगर पंचायत का अतिरिक्त चार्ज दिया। जिनका कार्यकाल अटठारह माह रहा। इनके बाद सत्तरह फरवरी 026 जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जनपद के डिप्टी कलेक्टर विकास चन्द्र को अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत की सम्बद्धता प्रदान की गई। जिन्होने कार्यभार ग्रहण गर लिया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रथ्वीराज यादव के स्थानांतरण व नवगठित बोर्ड के श्पथ ग्रहण के लगभग तीस माह बाद भी नगर पंचायत को अपना ई ओ नहीं मिल पाया है। इस बीच अन्य पंचायतों व नगर पालिका के तीन अधिशासी अधिकारी अतिरिक्त चार्ज पर कार्य देख चुके है। अतिरिक्त चार्ज वाले ई ओ पूरा समय नहीं दे पाते है।जिससे नगर पंचायत का कार्य प्रभावित होना स्वभाविक है। सबसे ज्यादा असर सफाई व्यवस्था पर पड़ता है। तीस महीनों में किसी भी इ ओ ने कस्बे की सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत को अपना ई ओ कब मिलेगा जनता इसके इंतेजार में है।

# फरवरी माह में गर्मी ने दी दस्तक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मौसम का बदल रहे मिजाज़ ने फरवरी माह में ही गर्मी का अहसास करा दिया। सुबह हो या शाम गर्म वस्त्रों को उठाकर रखा जाने लगा है। जनवरी और फरवरी माह ठंड के माने जाते हैं, लेकिन मौसम में हो रहे परिर्वतन से जहां जनवरी में ठंड ने हांड़ मांस को कंपा दिया ,वहीं फरवरी माह ने रिकार्ड को तोड़ दिया। ठंड के महीने माने जाने वाली फरवरी में मौसम ने ऐंसा करवट बदली कि ठंड के बजाए गर्मी का अहसास होने लगा। सुबह के समय गर्म कपड़ो में नज़र आने वाले लोग चिलचिलाती धूप निकलते ही ठंड में पहने जाने वाले कपड़ो में नज़र आये। यह हाल सांय का भी रहा। शाम को ठंडक का अहसास दिलाने वाली फरवरी में अधिकांश लोग कम ही गर्म कपड़ो में ही दिखायी दिये। मौसम में हो रहे परिर्वतन से फरवरी माह में जिस तरह गर्मा़हट का अहसास हो रहा है वैसे आगे आने वाले दिनो में भयंकर गर्मी की और दस्तक दे रहा है।

**आग लगने पर बचाने के पूरे नहीं उपाय**

# होटलों व गेस्ट हाउस अग्निशमन मानकों में अधूरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में होटलों व गेस्ट हाउस में आज भी अग्निशमन के मानक पूरे नहीं हैं। तंग गलियों में बने होटलों में तो दमकल विभाग द्वारा मांगी गई अग्निशमन सुरक्षा के व्यवस्थाओं की जानकारी का जवाब देना तक गंवारा नहीं समझा है। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में होटल कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण तक नहीं दिया जाता है। इसके बावजूद सराय एक्ट के तहत होटल चलाने की मंजूरी देने वाले जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जाता है।

हालात यह है कि होटलों में आग लगने पर ना तो एलर्ट करने की व्यवस्था है। और ना ही फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का कोई इंतेजाम। आग लगने पर यदि एक रास्ता बंद हो जाता है तो निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता तक नहीं है। कुछ समय पहले ही गोदौलिया में एक होटल में आग लगने पर दर्जनों पर्यटक कमरों में फंस गए थे। फायर ब्रिगेड ने शीशा तोड़कर कुछ को सुरक्षित निकाला था और आग को समय रहते बुझा दिया गया था। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पंजीकृत होटलों से जानकारी मांगी गई थी। वहीं गलियों में बने होटल, गेस्टहाउस व लॉज संचालकों को कई बार पत्र भेजने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला है। अग्निशमन विभाग इनको जवाब देने के लिए बाध्य भी नहीं कर सकता है।जबकि आज भी होटलों और गेस्ट हाउसों में इसकी अंदेखी की हुई है। लेकिन प्रशासप की भी नजर इस ओर नहीं जा रही है।

## मानक पूरे हैं या नहीं दे दी जाती है मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सराय एक्ट के अर्न्तगत होटल बनाने के दौरान सभी मानक पूरे हैं या नहीं यह देखना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। मानक पूरे होने पर ही होटल चलाने का लाइसेंस दिया जाता है, लेकिन चर्चाओं के अनुसार सैकड़ों ऐसे होटल हैं, जो अधूरे मानकों पर ही जुगाड़ से लाइसेंस लेकर चल रहे हैं।

## रुकने के दौरान इन पर ज़रूर दें ध्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** होटल में होजरील है या नहीं,आग लगने पर अलार्म बजने वाला स्मोक डिटेक्टर है या नहीं, 65 डिग्री से अधिक तापमान होने पर अलार्म बजाने वाला हीट डिटेक्टर है या नहीं,आग लगने की स्थिति में होटल से सुरक्षित निकलने के क्या इंतजाम हैं,आग लगने पर मुख्य सीढ़ी की जगह प्रयोग होने वाली दूसरी सिढ़ी अवरुद्व तो नहीं, कमरों में आग बुझाने वाला अग्निशमन यंत्र सिलेंडर है या नहीं

# आत्म शुद्धि और इबादत का बेहतरीन महीना है रमज़ान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** रमजान उल-मुबारक इस्लामी सन का वो पाक महीना है जो रहमत, बरकत और मगफिरत का पैगाम लेकर आता है। ये सिर्फ भूख-प्यास सहने का नाम नहीं, बल्कि तजकिया-ए-नफ्स (आत्मशुद्धि), एहतेसाब और इबादत का बेहतरीन मौका है। इस महीने में बंदा अपने रब की कुर्बत हासिल करने और अपने गुनाहों से तौबा करने की कोशिश करता है।

**0रहमत व बरकतों का माह**

हाजी अलमास मियां ने कहा कि रोजा इस महीने की सबसे अहम इबादत है। सहरी से लेकर इफ्तार तक इंसान न सिर्फ खाने-पीने से रुकता है, बल्कि झूठ, गीबत, बुरे ख्यालात और बदअखलाकी से भी खुद को दूर रखने की मश्क करता है। दरअसल रोजा सब्र, तहम्मुल और परहेजगारी का अमली सबक है, रमजान वो महीना है जिसमें कुरआन-ए-करीम नाजिल हुआ, इसलिए इस महीने में तिलावत-ए-कुरआन, तरावीह और दुआओं का खास एहतमाम किया जाता है। मसाजिद का माहौल रूहानियत से सराबोर हो जाता है और हर तरफ इबादत की फिजा कायम होती है। ये महीना हमदर्दी और मुसावात का भी दर्स देता है। जब अमीर-ओ-गरीब एक जैसी भूख महसूस करते हैं, तो दिलों में रहम और इनसाफ का जज्बा पैदा होता है। जकात और सदका देने की रवायत इसी जज्बे को मजबूत करती है, जिससे समाज में मोहब्बत और भाईचारा बढ़ता है। अब्दुल मतीन व शकील अहमद ने कहा कि आज के इस दौर में, जहाँ दुनिया माद्दियत और नफ्स की ख्वाहिशों में उलझी हुई है, रमजान हमें मुहासबा-ए-नफ्स (आत्मचिंतन) का पैगाम देता है। ये याद दिलाता है कि असली कामयाबी दौलत में नहीं, बल्कि अखलाक, सब्र और नेक अमल में है। अगर हम इस मुबारक महीने में अपने किरदार, अपनी नीयत और अपने रवैये को बेहतर बना लें, तो यही रमजान की असली कामयाबी और रूहानी फतह होगी।इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# आने वाली पीढ़ी के लिए जल संचय ज़रूरी



सम्भल। जल संचयन को ग्रामीणों को जागरूक करते।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जल बचाओ जागरूकता अभियान के तहत गांव की गली मौहल्लो का भ्रमण कर ग्रामीणों को जल बचाओ व जल संचय के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को सीमित मात्रा में जल उपयोग करने हेतु जागृत किया गया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदावली में अधिवक्ता चौ. रविराज चाहल के नेतृत्व में ग्रामीणों से अधिक से अधिक जल संचय करने का अनुरोध किया और ग्रामीणों को जल संचय से होने वाले फायदे के बारे में अवगत कराया। इसके साथ आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संचय बहुत आवश्यक है। जल है तो कल है अन्यथा सब शून्य है की जानकारी दी। कैलाश सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है। जल बिना सब शून्य है। हमें घर के दैनिक कार्यों में जल का अनावश्यक उपयोग नहीं करना चाहिए। आज हम जल बचाव करेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होगा। हमें अनावश्यक जल नहीं बहाना

**0गांव की गली मोहल्लों में अभियान चलाकर जल संचयन के लिए किया गया जागरूक**

है। नोनीत सिंह ने कहा कि जल का बहुत महत्व है। मानव जीवन के साथ साथ पेड़ पौधों व जीव जंतुओ के लिये भी जल बहुत महत्व रखता है। जल के भंडार सीमित है। जल का अनावश्यक उपयोग रोकना होगा। नरेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अभी से जागरूक होना होगा अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे। हमें आज से ही प्रण लेना है कि हमें अनावश्यक जल खर्च नहीं करना है। और दूसरों को भी जल बचाव हेतु जागृत करना है। उन्होने बरसात में भी जल संचयन करने पर ज़ोर दिया। साथ ही ज़रूरत के अनुसार ही जल का खर्च करने पर ज़ोर दिया। इस दौरान चौ रविराज चाहल, कैलाश सिंह उर्फ मुन्नू प्रधान, नोनीत सिंह, नरेंद्र सिंह ,हरभजन सिंह,रोहित कुमार, हर्षित सिंह, जगदीश कुमार, राजकुमार आदि रहे।

# तहसील स्तर पर बनाए जाए ड्राइविंग लाइसेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** उधोग व्यापार मंडल ने गुन्नौर,बबराला जुनावई, रजपुरा, गंवा, धनारी में जगह जगह कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की मांग की ताकि सभी के लाइसेंस बन सकें।

उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर अध्यक्ष गुन्नौर सुनील कुमार ने कहा कि वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर चालान के स्थान पर उसका वहीं लाइसेंस बनाया जाये। लाइसेंस बनने में दिक्कतों की वजह से लोगों के लाइसेंस नहीं बन पा रहे हैं। सभी को लाइसेंस बनवाने सम्भल जाना पड़ता है। वहाँ के चक्कर

**0उषेग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष ने उठायी मॉग**

लगाने पड़ते हैं। लाइसेंस प्रत्येक तहसील स्तर पर कैम्प लगाकर बनाये जाने चाहिए। जिससे कोई भी इससे वंचित न रह सके। कैम्प के प्रत्येक तहसील में दो-दो दिन निर्धारित किये जायें। वाहन चालक पर लाइसेंस न होने पर पकड़े जाने पर तुरंत शुल्क लेकर लाइसेंस बनाया जाये। इस मौके पर रजनेश, केशव, रोहिताश गुप्ता ,नीरज उर्फ कल्लू वार्ष्णेय, रविराज गुप्ता, विनोद वार्ष्णेय, राजेंद्र वार्ष्णेय, राकेश कुमार आदि रहे।

# गीत संगीत की धुन पर महिला आर्य समाजियों ने खेली फूलों की होली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** होली के गीत और संगीत की धुन पर फूलों की होली में महिलाओ न जमकर आनंद लिया। जबकि एक दूसरे को गुलाल लगाकर होलिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।

महिला आर्य समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन आय समाज सभागार में किया गया। वैछिक यज्ञोपरांत महिला आर्य समाजियों ने होली मिलने धूमधाम से मनाया। समारोह में होली गीतों, रोचक झलकियां, फिल्मी गाने और एक ल व सामतूहिक नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी को आनंदित कर दिया। जबकि एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगो की अनेकता में एकता का पर्व होली मनाकर भाईचारे सदभाव और एकजुटता का संदेश दिया। इसके अलावा महिलाओं ने फिल्मी गीत सुनाकर श्रोताओं को सराबोर कर दिया। जबकि शिक्षिका आशा त्यागी ने ए जाने वफा ये जुल्म न कर गाना सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर महिला आर्य समाज की प्रधान विनोद बाला रस्तोगी ने कहा कि होली का पर्व रंगों की अनेकता में एकता का पर्व है। इसी तरह महिलाएं एकजुट होकर होली का पर्व मनाती है। इस मौके पर रानी रस्तोगी, अलका रस्तोगी, चित्रा रस्तोगी, अनिता अग्रवाल,ममता, नीतिज्ञा, प्रतिज्ञा, रेनू वार्ष्णेय, अरूणा गुप्ता, नीरज रानी, सुषमा गुप्ता, हाशा त्यागी, प्रकाशवती, वीरबाला, अनिता, संतोष आदि महिलाएं मौजूद रहीं। संस्था की अध्यक्षा विनोदबाला रस्तोगी ने अध्यक्षता तथा संचालन रानी रस्तोगी ने किया।



सम्भल-गीत संगीत की धुन पर फूलों की होली खेती महिला आर्य समाजी।

## गर्मी बढ़ते ही मच्छरों ने दर्ज करा अपनी आमद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कंपकंपाती ठंड के बाद एक धूप में तेजी आई तो इसी के साथ मच्छरों ने शहर वासियों के कानों में सीटा बजाकर अपनी आमद दर्ज करा दी है।

अभी हल्की जैकेट व स्वेटर की ठंड हो रही है। फिर भी मचछरों ने रात के समय कान पर भिनभिनाकर शहर वासियों को चौंका दिया है। लोगों का कहना है कि जब अभी मौसम ने ठीक से करवट भी नहीं बदली है। अभी तक रात को गर्म कपड़े ओढ़कर सो रहे हैं तब आगे जब गर्मी का मौसम अपने तेवर दिखाएगा। तब मच्छरों की फौज एक साथ हमलावर होकर दिन का चैन ओर रात की नींद हराम कर देंगे। इसलिए नगर पंचायत को मच्छरों के प्रकोप से शहर वासियों को बचाने के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# दहेज को प्रताड़ित कर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम में दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब विवाहिता के पिता ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी हाथापाई की गई पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपनी पुत्री का विवाह गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम के युवक के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से किया था विवाह में सामर्थ्यानुसार दान-दहेज भी दिया गया था तहरीर के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पति, ससुर, सास सहित अन्य परिजनों ने एक मोटरसाइकिल भैंस और 50 हजार रुपये नकद की मांग की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा पीड़ित पिता का आरोप है कि 20 फरवरी को जब वह अपनी पुत्री से मिलने उसकी ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि आरोपित उनकी पुत्री के साथ मारपीट कर रहे थे विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ भी हाथापाई की जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के दौरान डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़ित ने थाना कोतवाली गुन्नौर में तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्व दहेज उत्पीड़न मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार टी 20 सीरीज जीतकर रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। एडिलेड में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए।क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कक इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलियाई धारती पर पहली बार टी20 सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया।इस सफ़लता पर सभी देशवासियों को गर्व है।इस दौरान तरुण शर्मा सुरेश शर्मा आनंद प्रकाश कृष्णपाल प्रशांत बेसन वीरेंद्र कुमार हर्षित रोनू गुप्ता आदि हैं।

# डा. प्रमोद को अमृत कुम्भ सम्मान मिलने पर हर्ष

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर बबराला की लेखपाल कालोनी के शिक्षक विनोद कुमार के भाई डा. प्रमोद कुमार को सम्मान मिलने पर उनके आवास पर हर्ष व्यक्त किया गया। परिवार में खुशी का माहौल रहा।

उनके भाई ज्ञान स्थली एकेडमी, कटरा शमशेर खां के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कुमार को दिल्ली में द्वारा अमृत कुंभ सम्मान प्राप्त हुआ। यह अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन आयोजित आमतौर पर शिक्षाविदो, शिक्षको द्वारा लिखी गई उनकी श्रेष्ठ लेखन के लिए प्रदान किया जाता है।

विदित हो ज्ञान स्थली के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कुमार के द्वारा लिखित नाटक कुदरत का विद्रोह जो पर्यावरण पर आधारित था जिसे उन्होंने नेपाल मे आए



बबराला- अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेंदिल्ली में अमृत कुम्भ सम्मान से सम्मानित होते डा. प्रमोद कुमार

महसूस किए गए उसके झटको के ऊपर लिखा गया था। इसी नाटक को हिन्दी ओलंपियाड की निर्णायक समिति ने इसे उच्च स्तर का मानते हुए प्रमुख 77 रचनाओं में से 13 वां स्थान प्रदान किया। जिसमे देश विदेश के हजारो कालेजो के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षको की लाखो कृतियाँ शामिल हुई जिसमे ज्ञान स्थली के प्रधानाचार्य के नाटक को श्रेष्ठ कृति माना गया है। इस पुरस्कार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होने बताया कि यह सम्मान रविवार को दिल्ली स्थित सी. डी. देशमुख ऑडिटोरियम इंडिया इण्टर नेशनल में डा. विजय कुमार सारस्वत सदस्य, नीति आयोग मुख्य अतिथि के कर कमलो के माध्यम से प्राप्त हुआ। यह सम्मान मेरे लेखकीय जीवन का श्रेष्ठतम सम्मान है। यह सम्मान मैं अपने माता पिता सभी शिक्षाविदो, शिक्षको एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को समर्पित करता हूँ। तथा सभी जन इसको पढ़े और पढ़कर के उसका लाभ उठाएं क्योंकि हमारे जीवन मे पर्यावरण का महत्तपूर्ण स्थान है। प्रकृति के पाँच तत्वों को हम पर्यावरण की संज्ञा देते हैं अगर यह पर्यावरण इसी तरह से प्रदूषित होता रहेगा तथा विकास के नाम पर पेड़ पौधो यू ही कटते रहेगे तो समूची धरती से मानव जीवन समाप्त होने के कगार पर पहुँच जाएगा। इसलिए पर्यावरण रूपी रत्न को सम्भाल कर हमे रखना चाहिए। हर्ष व्यक्त करने वालों मे विनोद कुमार, अवधोश कुमार, विजय कुमार, भानु यादव, अंकित, कृष्णा, मंजेश, अशोक कुमार, अंकुर आदि हैं।

# झगड़े की सम्पत्ति पर रहती है भूमाफियों की नज़र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भूमाफिया झगड़े की जमीन कई लोग मिलकर औने पौने दामों में खरीद लेते हैं। उसके बाद जो दूसरा साझेदार रह जाता है उसको भी मजबूरी में इन लोगों को अपनी जमीन बेचनी पड़ती है, क्योंकि वह मुकदमेबाजी की लम्बी प्रक्रिया को जानता है और उससे बचना चाहता है। जनपद में भूमाफिया सक्रिय हैं। यह लोग कई टोली बनाकर ऐसी सम्पत्ति पर नजर रखते हैं जो झगड़े की हो और एक पक्ष कम दाम में उसे बेचना चाहें। यह तीन चार लोग जाकर कब्जा कर लेते हैं। जब दूसरे साझेदार को सूचना मिलती है तो यह लोग उसे भी लड़ाई के पचड़े से बचने को अपनी जमीन भी बेचने की सलाह देते हैं। उसका इन दबंगों से लड़ने का मौका नहीं होता उसे भी अपनी जमीन, प्लॉट या मकान बेचना ही पड़ता है। उसके बाद यह भूमाफिया उसको बेचकर लाखों कमाते हैं। यह धंधा खूब फलफूल रहा है। यह लोग इसी काम में कमाकर करोड़ों के बन रहे हैं, लेकिन इन पर किसी विभाग की नजर नहीं है।

## जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर ने कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का किया स्वागत

**चन्दौसी।** रविवार को कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की सदस्य नंदिनी अग्रवाल के आवास विकास स्थित आवास पर आगमन हुआ, जहां ग्रुप की पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका शॉल ओढ़ाकर व पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में शास्त्री ने कहा कि हमें अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समय-समय पर कथा, जागरण, हवन और पूजन जैसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं की सही जानकारी मिलती है तथा वे अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना सीखते हैं।

इस अवसर पर डायरेक्टर शिखा शर्मा, अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, सचिव शालिनी शर्मा, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा, सीमा अग्रवाल, सुप्रिती गुप्ता, शीनू शर्मा, ज्योति शर्मा, सौरव गौड़, राहुल गुप्ता, सुजाता शर्मा, अंकुर अग्रवाल और सोना अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामगंगा पर बांध बनाकर गांवों को बाढ़ से सुरक्षित करने का काम करें सरकार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** विधानसभा सत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण पर चर्चा के दौरान विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय कमाल अख्तर ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को विस्तार से उठाया, उन्होंने कहा कि हर वर्ष बरसात में कांठ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, नहरों की समय पर सफाई नहीं होती, तटबंधों की मरम्मत में लापरवाही बरती जाती है, जल निकासी व्यवस्था कमजोर है और पंपिंग स्टेशनों की क्षमता अपर्याप्त है, जिसके कारण किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है,उन्होंने सरकार से सवाल किया कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए जो लंबा-चौड़ा बजट आवंटित किया जाता है, उसका पूरा उपयोग ही नहीं हो पाता, नए नलकूप स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, किसानों को समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है और बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का समुचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है, तो फिर इतने बड़े बजट का औचित्य क्या है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में हाल ही में एक विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है और उसे सुरक्षित रखने के लिए चड्ढा के पुल से बांध बनाया जा रहा है, उन्होंने मांग की कि यदि इस बांध को आगे बढ़ाकर मुस्तापुर तक जोड़ दिया जाए तो मार्ग में आने वाले अनेक गांव स्थायी रूप से बाढ़ से सुरक्षित हो सकते हैं, किसानों की लाखों-करोड़ों रुपये की फसल बच सकती है और सरकार के बजट का वास्तविक सदुपयोग भी सुनिश्चित होगा, उन्होंने काजीपुरा वढेरा क्षेत्र में रामगंगा नदी में आई बाढ़ का उल्लेख करते हुए बताया कि इस त्रासदी में एक सिपाही की मृत्यु हुई तथा सलेमपुर गांव के वाल्मीकि समाज के एक युवक की भी जान चली गई। उन्होंने दोनों दिवंगतों के परिजनों को समुचित आर्थिक मुआवजा, सरकारी सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की, उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी सूख जाने के बाद भी कांठ विधानसभा के गांव रजोहा, जमशेदपुर, मिर्जापुर, सिडलऊ, धारकनगला से लेकर अहमदपुर तक चंगेरी और आसपास के क्षेत्रों में महीनों तक कीचड़ और गाद जमा रहती है, सफाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वहां गंदगी बनी रहती है और ग्रामीणों को संक्रामक बीमा. रियों का खतरा बना रहता है, उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि कांठ विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए, त्वरित सर्वे कर पारदर्शी मुआवजा दिया जाए, तटबंधों और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तथा स्थायी और प्रभावी योजना बनाकर भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जाए।

## एक नजर

### आठ साल की उम्र में रखा पहला रोजा, दुआओं से नवाज

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार वाजिद हुसैन एडवोकेट की पुत्री कुमारी हुदा वाजिद ने 8 साल की उम्र में रोजा रखा, सभी रिश्तेदारों और मोहल्ले वासियों ने हुदा वाजिद को लंबी उम्र की ईश्वर से कामना की।



रोजेदार हुदा वाजिद का कहना है कि उसे रोजा रखना और रोजा रख कर इबादत करना अच्छा लगता है। यह प्रेरणा उसको अपने परिवार के लोगों से मिली, जिसमें उनकी माता जी शहला वाजिद और पिता वाजिद हुसैन अंसारी का अहम योगदान है कि वह भविष्य में एक अच्छी रोजेदार बनकर अल्लाह की इबादत करेगी और शिक्षा क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने के लिए प्रयासरत है।

### शिव पार्वती रसोई में नि:शुल्क भोजन का आयोजन




**मुरादाबाद।** प्रत्येक रविवार की भांति आज शिव पार्वती रसोई में सेवा भाव के साथ नि:शुल्क रसोई का आयोजन किया गया। आज की रसोई में उड़द, राजमा एवं चावल का भोग श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर रसोई के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव ने कहा कि "भूखे को भोजन कराना ही सच्ची शिव-भक्ति है। सेवा के माध्यम से समाज में प्रेम और मानवता का संदेश दिया जाता है।"आज की रसोई में राहुल शर्मा, आशीष यादव, राजेश कुमार, डॉ. वर्षा यादव, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, विनय कश्यप, हरिओम शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिव पार्वती रसोई की टीम ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराना है, खासकर उन लोगों को जो आर्थिक तंगी के कारण दो वक्त का खाना नहीं जुटा पाते। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने रसोई की टीम की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ती है। शिव पार्वती रसोई के आयोजकों ने बताया कि आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे और वे समाज के हर वर्ग तक अपनी सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे

### गौसेवा गतिविधि ने गौशाला को हरा चारा दान कराकर कराया बीमार गोवंशों का इलाज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में आज गौ सेवा गतिविधि की टीम सादकपुर खिचड़ी गौशाला पहुंची और दो बीमार गोवंशो का उपचार कराकर गोवंश के लिए हरे चारे का दान कराया। बताया कि गौ सेवा गतिविधि की टीम लगातार क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित, घायल बीमार गौवशो का उपचार कराकर उन्हें गौशाला में संरक्षित कराती है। वर्तमान में इस गौशाला में 319 गोवंश संरक्षित हैं। गौ सेवा गति. विधि का कहना है कि गांव में सरकार द्वारा गौशालाओं के चारे को ग्राम समाज की भूमि दी गई है। उन पर चारा उगा कर गौशाला पहुंचाया जाए। ताकि वहां रह रहे निराश्रित गोवंश को हरे चारे की व्यवस्था ठीक से हो सके। गौ सेवा गतिविधि की टीम समय-समय पर जाकर निराश्रित गोवंशों की समस्याओं को उठाकर शासन को अवगत कराती है अपने स्तर से एवं लोगों को प्रेरित कर गौशाला में हरा चारा पहुँचाने की व्यवस्था करती है। इस मौके पर विकास शर्मा जिला संयोजक, विशाल कुमार, अजय महेश्वरी, अरविंद कुमार, अमित कुमार आदि गौ रक्षक मौजूद रहे।



## 26 फरवरी को युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल का मुरादाबाद में संगठनात्मक दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबदा।** राष्ट्रीय लोक दल की युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष श्री रविंद्र सिंह पटेल जी दिनांक 26 फरवरी को मुरादाबाद जनपद के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर आ रहे हैं। यह जानकारी प्रदेश सचिव एवं निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल अजीत सिंह एडवोकेट ने दी। प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा रूहेलखंड क्षेत्र के जनपद मुरादाबाद एवं अमरोहा में रहेगा। दौरे का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तय करना है। दिनांक 26 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे मानसरोवर कॉलोनी लाइन पार स्थित मानसरोवर पैराडाइज होटल में संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें रूहेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों एवं मंडल के पदाधिकारी,



कार्यकर्ता एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत दोपहर 2:00 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए संगठन की आगामी रणनीति एवं महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।युवा राष्ट्रीय लोकदल का यह कार्यक्रम संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा एवं नई गति प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राजकीय आईटीआई में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के तत्वाधान एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ विदुषी सिंह के निर्देशन में रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी जनपद सम्भल में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मेगा शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश रागिनी सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव, सिविल जज सी०डि० आदित्य सिंह, सिविल जज जू०डि० दिव्या गर्ग व न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल संजीव कुमार सिंह आदि




अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उक्त वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा व्हील चेयर, श्रवण यन्त्र तथा बैसाखी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्न प्रासन, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श व दवाइयों का वितरण किया गया व आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा शुगर, बी०पी०, टाईफाइड, मलेरिया आदि की नि:शुल्क जांच भी की गयी। चन्दौसी भारत गैस एजेन्सी व ताहिर गैस एजेन्सी द्वारा उज्जवला योजना के अर्न्तगत गैस कनेक्शन बांटे गये। पशुपालन विभाग द्वारा लाभार्थियो को क्रिमी नाशक दवा वितरण, जल जीवन मिशन ग्रामीण द्वारा एचटूएस वॉयल का वितरण जल में जीवाणु परीक्षण हेतु किया गया तथा कार्यक्रम में लघु सिचाई विभाग, कृषि विभाग, पराग डेरी, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला ग्रामोद्योग विभााग, विधुत विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजकी पॉलीटेक्निक चदौसी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी, परिवहन विभाग, जिला कारागार मुरादाबाद, डाक विभाग, आदि विभागो द्वारा सहभाग व अपनी योजनओं का प्रचार-प्रसार व लाभार्थियों को लाभ देने हेतु नवीन पंजीकरण किया गया।

## बूथों पर बीएलओ ने उपस्थित रहकर नागरिकों से दावे और आपत्तियां की प्राप्त, एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर रविवार को विशेष अभियान में कांठ विधानसभा के बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। इस दौरान नया वोट बनवाने के लिए प्रारूप-6. प्रारूप-7 में नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि पर आपेक्ष तथा प्रारूप-8 में किसी भी नाम में संशोधन का काम किया। एसडीएम संत दास पवार ने आज आधा दर्जन से ज्यादा बूथों का निरीक्षण कियास उपजिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम प्रशासन संगीता गौतम के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 रविवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया जिसमें समस्त बूथों पर संबंधित बीएलओ ने दावे और आपत्तियां प्राप्त की।

बीएलओ के पास मतदाता सूची एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित फार्म-6.7, व 8 तथा घोषणा पत्र भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। नागरिकों ने अपने अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप 6 (घोषणा प्रपत्र सहित) तथा किसी भी प्रविष्टि पर आक्षेप हेतु प्रारूप 7 तथा निर्वाचक नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि के संशोधन आदि हेतु प्रारूप-8 (घोषणा पत्र सहित) प्रस्तुत किए।

# संत निरंकारी मिशन ने रामगंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**करनपुर चौराहा ( मुरादाबाद )।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा की ओर से रविवार, 22 फरवरी 2026 को रामगंगा (नील सरोवर) घाट पर प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मनश के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मिशन के सेवादल के भाई-बहनों ने घाट पर साफ-सफाई कर देशवासियों को स्वच्छता का संद. ेश दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जन-जन तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न प्रेरक स्लोगन लिखे बैनर थे, जिन पर श्स्वच्छ जल स्वच्छ मनश, श्प्रदूषित पानी हमारी हानीश, श्जल बचाओ कल बचाओश, श्सभी की है यह जिम्मेदारी स्वच्छ हो यह दुनिया सारीश और श्प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक हैश जैसे संदेश अंकित थे। इस अवसर पर ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह के नेतृत्व में कमल कुमार, महेंद्र सिंह, ध्यान सिंह, डॉ. किशन सिंह, मोतीराम, ज्ञानी सिंह, पप्पू सिंह, बत्तू करनपुर की प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, सविता देवी, कमलेश देवी, नीतू देवी, निधि, पूनम, अवनी, आस्था और वंशिका आदि गणमान्य लोग



सिंह, रामकुमार सिंह, विपिन कुमार, रामवीर सिंह, राजकुमार, अनमोल, किशन पाल सहित ग्राम पंचायत उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से मिशन ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

### विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने दिया नमाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए तोहफा!

**बिलारी।** मोहम्मद फहीम इरफान ने नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए एक विशेष तोहफा दिया। उन्होंने नमाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए तोहफा मुन्तरवब कंजुल ईमान फी तर्जमतिल कुरआन बराये तरावीह मौलानाओं को गिफ्ट की। इस अवसर पर मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा, नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए यह तोहफा हमारी ओर से एक छोटा सा उपहार है। हम चाहते हैं कि वे इस पवित्र महीने में अल्लाह की इबादत में लगे रहें और उनकी दुआएं कबूल हों। इस अवसर पर मोलाना मोहम्मद साजिद, मोलाना नसीम, हाफिज करीम बक्स,शाकिर मालिक, मुजीब प्रधान, कुर्बान अली प्रधान, माजिद, सरफराज, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर मनाए होली पर्व: विजय

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में होली पर्व से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार शाखा बिलारी की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, नशा पान, मधपान व वातावरण की शुद्धि को घर-घर यज्ञ करने पर गहनता से विचार विमर्श हुआ कहा कि आज युवा कुरीतियों में फंस कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन की अति आवश्यकता है। रविवार को आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि आज समाज का युवा नशापान मधपान व अनेकों सामाजिक कुरीतियों में फंस कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहा है । जिसे रोकना समाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। गायत्री परिवार मद्य निषेध कार्यक्रम व वातावरण की शुद्धि को घर-घर यज्ञ करने का कार्यक्रम आयोजन करेगा। बताया कि आज युवा संत गुरुओं के संपर्क से दूर होता जा रहा है। जिससे वह अनेकों बुराइयों में फंसता जा रहा है, क्योंकि गुरु व संतो के सानिध्य से ज्ञान लाभ व अपनी संस्कृति का बोध होता है। इसी बीच गायत्री परिजनों ने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 10 मिनट गायत्री महामंत्र मौन का जाप किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से आदित्य राघव, राम सिंह, रंजीत, दुर्योधन, विजय कुमार ,अमरपाल, विनीत मौर्य ,सजल राघव, रुचि राघव ,अनीता, आकांक्षा, विनीता आदि सहित अनेकों गायत्री परिजनों ने भाग लिया।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षकों ने प्रस्तुत किए सामाजिक विज्ञान के अभिनव मॉडल

चन्दौसी। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ०प्र० द्वारा सामाजिक विज्ञान विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षकों ने सामा. जिक विज्ञान के नवाचारों का उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुतीकरण किया। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन सिंह फार्म हाउस चन्दौसी में किया गया।

कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शिक्षा गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये सूर्यभूषण सिंह, हिमांशु भारद्वाज, दीपाली गुप्ता, अंशुल गुप्ता, पल्लवी सागर, मृदुल, शब्बीर, विचित्रवीर, करनपाल, सुरेखा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सामाजिक विज्ञान विषय के अपने-अपने कार्यों का पीपीटी व टीएलएम के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ0 जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन




अति सराहनीय है। सामाजिक विज्ञान विषय में आपके द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया जा रहा है। स्वाती गुप्ता ने तनाव प्रबन्धन व शिक्षक तथा बच्चों का आपसी सम्बन्ध सत्र को संबोधित करते हुए महत्त्वपूर्ण जानकारी दी व गति. विधि करायीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्भल अलका शर्मा ने सफल कार्यशाला आयोजन हेतु शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि कार्यशाला में शिक्षकों द्रारा प्रस्तुत किये गये सामजिक विज्ञान के नवाचारों को शिक्षण में लागू करें ताकि बच्चों को उनका लाभ मिले। प्रवक्ता सामाजिक विज्ञान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुरादावाद डॉ0 अनिल यादव, प्रवक्ता राशिद अली व असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 सुरभि यादव ने सामाजिक विज्ञान विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 कमल किशोर ने शिक्षकों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। अन्त में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला आयोजक प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाच. ार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों व नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शरद चौहान, अंजू शर्मा, कविता शर्मा, तृप्ती सिंह, प्रियंका, प्रीती मिश्रा, नीरू, शुभ्रा, स्मिता गोयल, चन्द्रमुखी, मोनिका सिंघल, प्रमिला सिंह, आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में एसबीएम जूडो अकादमी का शुभारंभ

### बच्चों को मिलेगा आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** नगर के सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में रविवार को एक नया अध्याय जुड़ गया, जब यहां बच्चों की शारीरिक दक्षता और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के उद्देश्य से एसबीएम जूडो अकादमी का शुभारंभ किया गया। अकादमी का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य और आत्मरक्षा की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बेटियां जूडो जैसी विधाएं सीखकर आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं।



उन्होंने कहा कि चन्दौसी में एसबीएम जूडो अकादमी की स्थापना एक सराहनीय पहल है, जो क्षेत्र के बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार, वर्षा गर्ग, क्रिकेट कोच अनिल कपूर, प्रबंधक एस.के. सक्सेना, आरआरके स्कूल से रॉकी वाल्मीकि, प्रमोद वाल्मीकि, ओजस्वी गर्ग, रिद्धि जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में आगमन पर न्यायमूर्ति नीरज तिवारी का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** न्यायमूर्ति नीरज तिवारी, न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय का शहर के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में आगमन पर पर स्वागत किया गया। जिला जज,मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और औपचारिक सलामी दी। न्यायमूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। शिविर का उद्देश्य लोगों



को निःशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी और त्वरित समाधान उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया समझाई गई।इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। माननीय अतिथियों ने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर समां बांध दिया, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायिक प्रति. निधियों एवं नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रहीं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में एसआई की समीक्षा बैठक, नए वोट बनवाने पर जोर

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष आकाश पाल की अध्यक्षता में नगर मंडल ठाकुरद्वारा की बैठक ब्लॉक ठाकुरद्वारा की सभागार में आयोजित की गई । इस बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा मतदाता गहन परीक्षण, एस आई आर की समीक्षा की गई उन्होंने भाजपा द्वारा नियुक्त किए गए बूथ प्रवासी से बूथों की समीक्षा तथा प्रारूप 6 भरवा कर नए वोट बनवाने का आह्वान किया । ठाकुरद्वारा विधानसभा में 13722 नई वोट के लिए आवेदन किए गए हैं । अपने भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क बनाकर नए वोटो को जांच करवा कर ऑनलाइन कराने के लिए कहा , जिससे अधिक से अधिक नए वोट बन सके प्रत्येक बूथ अध्यक्ष तथा बूथ प्रवासी को को प्रकाशित नई मतदाता सूची का अध्ययन करके वोट बनवाने का आह्वान किया उन्होंने कार्यकर्ताओं



को 28 फरवरी तक जाकर प्रारूप 6 भरवा कर जमा करने का अभियान चलाना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं को दो बूथ की जिम्मेदारी सौंप गई है।

भारतीय जनता पार्टी की समीक्षा बैठक में आचार्य नरेंद्र पाल सिंह , ठाकुर अजय प्रताप सिंह , महामंत्री राजन बिश्नोई हरज्ञान सिंह ,भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार ,भूमि विकास बैंक ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान , डॉक्टर नरदेव सिंह डॉक्टर ओमपाल सैनी, मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, ओम कुमार एडवोकेट, संजीव कुमार चौहान, नागेंद्र लांबा ,सुधीर नायक, प्रदीप कुमार पाल , धर्मेंद्र सिंह ,हेमेंद्र प्रताप सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति ने किया।

# महिलाओं के लिए संचालित निःशुल्क कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** परिवर्तन श्दी चेंजश संस्था द्वारा परियोजना पंथिनी के अंतर्गत ग्राम उत्तमपुर बहलोलपुर, ब्लॉक मुरादाबाद में संचालित निःशुल्क संचालित 17वीं व 18वीं कंप्यूटर लैब तथा 7वीं व 8वीं सिलाई लैब के 60 दिवसीय कोर्स में ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान





कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन किया गया। पिछले कई माह से खदाना, उत्तमपुर बहलोलपुर और शाहलमपुर क्षेत्र में किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह रहे। उनके साथ संस्था के मार्गदर्शक सरदार गुरबिंदर सिंह, वीडीओ आमोद चौहान, ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष सुनेहपाल सिंह, ग्राम प्रधान मंजीत सिंह सहित संस्था अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण परीक्षा में सफल 125 से अधिक महिलाओं और छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।संस्था का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल साक्षरता एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। कंप्यूटर प्रशिक्षण में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग व दैनिक जीवन में तकनीक के प्रयोग की जानकारी दी गई, वहीं सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य गांवों में भी ऐसे कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता बताई। कंप्यूटर लैब हेतु तीन कंप्यूटर इंटरनेशनल दान खत्री महासभा ग्रुप द्वारा उपलब्ध कराए गए।

# ब्लॉक अध्यक्ष बने राकेश कुमार तीसरी बार

**डिलारी।** विकास खंड डिलारी के परिसर में रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पांच पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किए,एवं चुनाव कराया गया, जिसमें निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए, ब्लॉक महामंत्री रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आसिम, ब्लॉक संगठन मंत्री राकेश सिंह, ब्लॉक संप्रेषण रोहित कुमार निर्विरोध चुने गए।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, नरेश सिंह, मंजू सिंह, शीशपाल, विनेश कुमार, परम सिंह, नौबहार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार, बलवीर, आदि उपस्थित रहे।



# स्मृति उत्सव के चतुर्थ दिवस रुद्राभिषेक व इस्कॉन संकीर्तन का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बाबा नींव करौरी एकादश स्मृति एवं स्थापना



उत्सव के चतुर्थ दिवस पर भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल आह्वान किए गए नवग्रहों एवं देवी-देवताओं का विधिवत पूजन किया गया। काशी से पधारे आचार्य डॉ. श्री घनश्याम त्रिपाठी के सान्निध्य में यज्ञ पूजन एवं महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। पंच कुंडीय महायज्ञ में आश्रम के ट्रस्टियों व भक्तों ने सामूहिक रूप से 31 हजार आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।संध्याकाल में इस्कॉन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। महानगर के प्रसिद्ध इस्कॉन प्रचारक सच्चिदानंद दास एवं उनके साथियों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। "हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे" महामंत्र पर सैकड़ों भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उत्सव को सफल बनाने पर सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## मोहम्मद इब्राहिमपुर पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला, 62 मरीजों का हुआ उपचार

**बिलारी।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मद इब्राहिमपुर में रविवार (22 फरवरी 2026) को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न बीमारियों की जांच एवं उपचार की सुविधा प्राप्त की। स्वास्थ्य मेले में कुल 62 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें 14 पुरुष, 38 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल रहे। बीमारियों के अनुसार आंकड़ों में बुखार के 4 मरीज, पेट संबंधी 16, फेफड़े संबंधी 11, त्वचा रोग के 11, डायबिटीज के 5, 1 गर्भवती महिला तथा अन्य बीमारियों के 14 मरीज पाए गए, जिनका मौके पर ही उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। मेले में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद मुनाजिर इमाम के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। उनके साथ स्टाफ नर्स श्रीमती मनीषा, एल.टी. श्री अमित कुमार, संगिनी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की समस्त आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित जांच, स्वच्छता, संतुलित आहार और समय पर दवा लेने के प्रति जागरूक भी किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि ऐसे मेले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# लाइनपार इलाके में सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे कार्यों का नगर विधायक रितेश गुप्ता ने किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सीएम ग्रिड योजना के तहत लाइनपार क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का नगर विधायक रितेश गुप्ता ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण स्थानीय व्यापारियों की शिकायत पर किया गया।

विधायक ने माता मंदिर से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि योजना के अंतर्गत अप्रैल माह के अंत तक कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन अब तक नाला निर्माण का कार्य ही अधूरा पड़ा है। उन्होंने नगर निगम के ठेकेदार की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए कहा कि कार्य की गति अत्यंत धीमी है, जिससे आमजन और व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।त्योहारी सीजन के चलते बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी हुई है, लेकिन अधूरे नाला निर्माण और खुदाई के कारण खरीदारी प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने बताया कि ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है, जिससे उनकी दुकानदारी पर भी असर पड़ा है।नगर विधायक रितेश गुप्ता ने मौके पर ही निगम अधिकारियों से नाराजगी जताई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ठेकेदार की कार्यप्रणाली की शिकायत मुख्यमंत्री से करने की बात भी कही।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यटक स्थलों व जलाशयों पर सफाई अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया

**ठाकुरद्वारा।** नगर में काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर स्थित संत निरंकारी भवन पर रविवार को संत निरंकारी मिशन ब्रांच ठाकुरद्वारा में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से प्रोजेक्ट अमृत- स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत तहसील क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज में स्थित एक तालाब की का सफाई अभियान निरंकारी मिशन के तत्वाधान में चलाया गया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ निरंकारी मिशन ब्रांच ठाकुरद्वारा के मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता जी, ग्राम प्रधान फैजुल्लागंज छाया चौहान ने किया। ग्राम प्रधान छाया चौहान ने कहा कि निरंकारी मिशन द्वारा प्रतिवर्ष इस तालाब को साफ और स्वच्छ बनाया जाता है जो मिशन का सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। ग्राम प्रधान ने कहा कि निरंकारी मिशन द्वारा गत कई वर्षों से देश भर के अनेकों पर्यटक स्थलों व जलाशयों पर सफाई अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया जाता है। मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने मिशन का संदेश सबको देते हुए कहा कि निरंक. ारी सतगुरु समाज में समता फैलाने का कार्य कर रहे हैं, जहां जात-पात और उच्च नीच की कोई जगह नहीं है। निरंकारी मिशन द्वारा लगातार रेलवे स्टेशनों ,पा,को स्मारकों का सफाई अभियान प्रतिवर्ष पूर्व सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में चलाया जाता है। सेवादल संचालक डॉक्टर रामकुमार ने कहा कि निरंकारी मिशन के सेवा दल तन




मन धन से समर्पित भाव से सतगुरु के आदर्शों का पालन करते हुए समाज की सेवा करते हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट रामकुमार चौहान, राकेश कश्यप, सलविंदर सिंह, प्रवेश गुप्ता, रघुनाथ सिंह, मुकेश कुमार चौहान, मुनेश कुमार, योगेश कुमार, विजेंद्र कुमार,दीपक कुमार, इंद्रजीत सिंह, नवजीत कुमार, ओम प्रकाश सिंह, सुरेंद्र कुमार, रघुनाथ सिंह, नीलू सिंह, राजबाला देवी, सुनीता कश्यप, निशा, वंदना, पूनम, परिणीता, अर्पिता सरब. जीत कौर आदि सैकड़ो सेवादारों ने हिस्सा लिया।

## महानगर में पुष्प होली महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मुरादाबाद। रविवार को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर मुरादाबाद के द्वारा आयोजित पुष्प होली महोत्सव कार्यक्रम क्लासिक वेंकट हाल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए।महोत्सव में हर्षल म्यूजिक ग्रुप तथा श्री धाम वृंदावन से पधारे भजन गायक सौरभ हरिवंशी ने भगवान श्री राधा-श्याम के मनमो. हक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पुष्पों की वर्षा के साथ होली का उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश देना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गुरप्रीत सिंह दुआ एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना उपस्थित रहे। साथ ही गौरव सैनी, पवित्रा शर्मा, वंदना शर्मा, अमित अग्रवाल, स्वाति राज, देवीलाल प्रजापति, दीप खुराना, अर्पित सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जुड़वा बच्चों ने रखा पहला रोजा परिवार में खुशी का माहौल

**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर 3 के मरहूम खुर्शीद खान के जुड़वा पुत्र मोहम्मद अरहम खुर्शीद और मोहम्मद अबूजर खुर्शीद ने रमजान का पहला रोजा रखा। पहले रोजे को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। जुड़वा बच्चों के परिवार वालों ने बताया कि दोनों बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ रोजा रखा और पूरे दिन भर उपवास रखा।



बच्चों की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। मोहम्मद अरहम खुर्शीद और मोहम्मद अबूजर खुर्शीद के पिता ने बताया कि दोनों बच्चों ने बहुत ही कम उम्र में रोजा रखना शुरू कर दिया है और वे अपने धर्म के प्रति बहुत ही समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। जुड़वा बच्चों के परिवार वालों ने बताया कि वे दोनों बच्चों को रोजा रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें रोजा के महत्व के बारे में बताते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे बड़े होकर अच्छे इंसान बनें और अपने धर्म के प्रति समर्पित रहें। जुड़वा बच्चों की इस उपलब्धि पर मोहल्ले के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी और कहा कि वे दोनों बच्चों की लंबी उम्र और सफलता की कामना करते हैं।

## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो युवक घायल

**कुंदरकी।** रविवार सुबह दो बाइक सवार युवकों के साथ सड़क हादसा हो गया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बिलारी की और जीरो पॉइंट के पास हुआ जहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जानकारी के अनुसार बिलारी निवासी जैद (18) पुत्र उमर और फरमान (25) सुबह कुंदरकी स्थित कपड़े की दुकान खोलने के लिए बाइक से निकले थे। रास्ते में जीरो पॉइंट के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को उठाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र योगेश कुमार, पुत्रवधू श्रीमती ममता, पुत्र आदेश कुमार उर्फ टिल्लु, पुत्रवधू श्रीमति मोनिका, पुत्र अमित कुमार उर्फ आशु, पुत्र अंकुश व पुत्रवधू श्रीमती रजनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद निवासी इंद्र कॉलोनी दीक्षित पब्लिक स्कूल के पास कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत दौलरा**
**विकास खण्ड-मूढ़ापांडे ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 22.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दौलरा विकास खण्ड मूढ़ापांडे मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 03.03.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 03.03.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीडब्लूडी पक्के रोड से मस्जिद होते हुए नन्हें के घर तक सीसी मार्ग व नाली निर्माण कार्य। | 290X4 मी0 | 1800000/- | 29600/- | 200/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दौलरा**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे, मुरादाबाद**

# नगर में पुलिस की पैदल गश्त, होलिका दहन स्थल व जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रविवार को क्षेत्राधिकारी बिलारी अशोक कुमार ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए होलिका दहन स्थल तथा होली जुलूस के निर्धारित मार्ग का निरीक्षण किया। अशोक कुमार ने बताया कि होली पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि पुलिस की पैदल गश्त का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार



की अव्यवस्था को रोकना है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित व्यक्तियों को सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शांति भंग करने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अशोक कुमार ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि पुलिस की कोशिश है कि होली पर्व के दौरान आमजन को सुरक्षित माहौल मिल सके। पैदल गश्त के दौरान बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौराहों पर भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहेंगे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करेंगे। इस दौरान पुलिस ने लोगों से कहा कि वे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। होली पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक इतंजाम किए हैं। पुलिस की पैदल गश्त और निरीक्षण से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।



महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

# भारत 'ए' ने जीता खिताब

**● तेजल हसबनीस ने 51, राधा यादव ने 36 रनों की शानदार पारी की बदौलत बांग्लादेश 'ए' को 46 रनों से हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** तेजल हसबनीस (नाबाद 51), कप्तान राधा यादव (36) के बाद प्रेमा रावत (तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को बांग्लादेश ए टीम को 46 रनों से हराकर महिला एशिया कप राइजिग स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ए महिला टीम को साइमा ठाकोर ने तीसरे ओवर में इश्मा तंजीम (तीन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शमीमा सुल्ताना और सरमिन सुल्ताना की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में प्रेमा रावत ने शमीमा सुल्ताना 15 गेंदों में (20) रन को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

सरमिन सुल्ताना (18) को राधा यादव ने आउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। लता मंडल (एक), सादिया अख्तर (10), कप्तान फाहिमा खातून (14) और फरजाना ईस्मिन (छह) रन बनाकर आउट हुई। 18वें ओवर में तनुजा कंवर ने संजीदा अख्तर मेघला (पांच) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई।20वें ओवर की पहली गेंद पर तनुजा कंवर ने शोरिफा खातून (नौ) को आउट कर बांग्लादेश की टीम को 88 रन के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला और खिताब 46 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत ए महिला टीम के लिए प्रेमा रावत ने 12 रन देकर चार विकेट लिए। सोनिया मेंधिया और तनुजा कंवर को दो-दो विकेट मिले।

राधा यादव, साइमा ठाकोर और मिन्नु मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर भारत ए महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। दिनेश वृंदा 17 गेंदों में (19), नंदिनी कश्यप (आठ), मिन्नु मनी (शून्य) और अनुष्का शर्मा (आठ) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय तेजल हसबनीस और कप्तान राधा यादव की जोड़ी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 17वें ओवर में फाहिमा खातून ने राधा यादव को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। राधा यादव 30 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। इसी ओवर की छठी गेंद पर फाहिमा खातून ने तनुजा कंवर (एक) का भी शिकार कर लिया। उन्होंने 19वें ओवर में प्रेमा रावत (चार) को भी आउट किया। हालांकि इस दौरान तेजल हसबनीस एक छोर थामे रन बनाती रही। भारत ए महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 134 रनों का स्कोर खड़ा किया। तेजल हसबनीस ने 34 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश ए महिला टीम के लिए फाहिमा खातून ने चार विकेट लिए। फातिमा जहान और फरजाना ईस्मिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूपी ब्रिज स्टार्स ने बीसीएल सीजन-2 के लिए शिखर धवन को रिटेन किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** भारत के पूर्व ओपनर शिखर धवन को यूपी ब्रिज स्टार्स ने बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के सीज़न 2 के लिए एक मार्की प्लेयर के तौर पर रिटेन किया है, फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की। धवन, जो पहले एडिशन में सबसे बड़े आकर्षण में से एक थे, एक बार फिर टूर्नामेंट में खास तौर पर दिखाई देंगे, और अपने इंटरनेशनल अनुभव और स्टार अपील को यूपी-बेस्ड फेंच. इजी में लाएंगे। यह घोषणा धवन के लिए एक बड़े पर्सनल माइलस्टोन के साथ हुई, जिन्होंने अपने लॉन्ग टाइम पार्टनर से एक छोटे से समारोह में शादी की, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार शामिल हुए।

### कार्तिक ने जीती नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई के कार्तिक करकेरा ने रविवार सुबह कॉग्निजेंट नई दिल्ली मैराथन के 11वें एडिशन में पूरे रास्ते धूम मचाई और यह प्रतिष्ठित ताज अपने नाम किया। जब दुनिया सो रही थी, तब 42.2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे और तेरह मिनट (02:13:10) की शानदार टाइमिग में पूरी करते हुए, करकेरा ने इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाइंग मार्क को आराम से पार कर लिया। पेशे से डॉक्टर, 28 साल के करकेरा को आखिरकार पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल करने के लिए गोपी थोनाकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) की कड़ी कोशिश को रोकना पड़ा। तीनों के बीच ज़बरदस्त मुकाबले में उन्होंने कुछ ही पलों के अंदर फिनिश लाइन पार की, जो सितम्बर में एशियन गेम्स में पुरुषों के लिए ज़रूरी 2:15:04 से काफी कम था। हालांकि, टॉप महिलाएं अपने पुरुष साथियों के शानदार रन की बराबरी नहीं कर पाईं, और 2:31:52 के मार्क से काफी पीछे रह गईं।

### युवा गोल्फर 72 द लीग में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीटीआई के 72 द लीग का पहला एडिशन शनिवार को नई दिल्ली में बड़े धूमधाम से लॉन्च किया गया, जिसमें भारतीय गोल्फ की अगली पीढ़ी एक बिल्कुल नए फॉर्मेट की चुनौती को अपनाने के लिए उत्सुक है। उभरते हुए टैलेंट शौर्य भट्टाचार्य और कार्तिक के साथ-साथ अनुभवी हनी बैसोया, मनु गंडास, अजितेश व विराज के साथ, इस इवेंट में कई तरह के प्रोफेशनल्स एक साथ आए और 72 द लीग का पहला सीजन ऑफिशियली शुरू हुआ। लीग के आखिरी विज. ताओं को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण आईसीसी के चेयरमैन ने पीजीटीआई के प्रेसिडेंट कपिल देव की मौजूदगी में किया। 72 द लीग ट्रॉफी को इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्टिस्ट व डिज़ाइनर विभोर ने डिज़ाइन किया है, जो अपने इनोवेटिव पब्लिक आर्ट इंस्टॉलेशन और डिज़ाइन के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते हैं।

# कार्लोस ने जीता कतर ओपन का खिताब

**● कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2 6-1 से हराकर कतर ओपन का खिताब अपने नाम किया**



**दोहा, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शनिवार को एटीपी 500 इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ़ 50 मिनट में वापसी कर रहे फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन 2026 का खिताब अपने नाम किया।

अल्काराज की कतर में यह जीत ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनने के सिर्फ़ 20 दिन बाद आई है। एटीपी टूर ने अल्काराज के हवाले से कहा कि मैं इस साल और ज्यादा की भूख लेकर आया था, जो 2025 में दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हार गए थे। मुझे लगता है कि हर टूर्नामेंट के बाद, हमें बस नए लक्ष्य तय करने होते हैं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर और कोर्ट के बाहर जो कुछ भी किया है, उससे बहुत खुश और गर्वित हूं। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत बहुत अच्छी रही। यह आसान नहीं था। मुझे अपनी टीम के साथ मेंटली मज़बूत रहना था।

मैं बस बढ़िया टेनिस खेल रहा हूं, और मैं इस हफ्ते को लेकर बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफ़ी मेरे लिए बहुत मायने रखती है। इस जीत ने अल्काराज की नौवीं एटीपी 500 ट्रॉफ़ी बनाई, जिससे वह 2009 में इस कैटेगरी की शुरुआत के बाद से चौथे सबसे ज्यादा टैली के लिए पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 एंडी मरे के बराबर आ गए। 2024 में टोक्यो में टाइटल जीतने के बाद अपने पहले टूर-लेवल फ़ाइनल में पहुंचने के साथ, फिल्स एटीपी लाइव रैंकिग में सात पायदान ऊपर चढ़कर 33वें नंबर पर आ गए, जबकि वह अपनी वापसी जारी रखे हुए हैं। दुनिया के पूर्व नंबर 14 खिलाड़ी अब दुबई में एटीपी 500 में हिस्सा लेंगे, जहां उनका रीमैच जिरी लेहे. का से होगा, जिन्हें इस फांसीसी खिलाड़ी ने दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हराया था। दोहा में यह मुक़ाबला 2025 में अल्काराज द्वारा फ्रांसीसी खिलाड़ी पर लगातार दो क्ले कोर्ट जीत के बाद उनका पहला मुक़ाबला था, और हार्ड कोर्ट पर उनका पहला मुक़ाबला भी लगभग उसी तरह हुआ।

# अंडरडॉग जिम्बाब्वे का मैच वेस्टइंडीज की पावर हिटिंग से

**● जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है**



**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े स्टेडियम में ज़िम्बाब्वे और वेस्ट इंडीज के बीच टी 20 विश्व कप का सुपर 8 मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मैचों में से एक बन गया है, जो अंडरडॉग मोमेंटम बनाम पावर-हिटिंग के दबदबे की कहानी पर बना है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है, जिसमें उन्होंने डिसिप्लिन्ड टीम क्रिकेट और मजबूत टैक्टिकल अवेयरनेस दिखाई है। टीम की बैटिग ने इंडिविजुअल धमाकेदार इनिंग्स के बजाय लगातार पार्टनरशिप पर ज्यादा भरोसा किया है। ब्रायन बेनेट सबसे अच्छे परफॉर्मर्स में से एक रहे हैं, जिन्होंने टॉप ऑर्डर में लगातार 120 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ अच्छी शुरुआत दी है। उनके साथ, तदिवानाशे मारुमानी ने शुरुआती मोमेंटम बनाए रखने में सपोर्टिंग रोल निभाया है। मिडिल ऑर्डर में, कैप्टन सिकंदर रज़ा टीम की बैकबोन रहे हैं, उन्होंने कीमती रन दिए हैं और अपनी ऑलराउंड काबिलियत से कंट्रोल भी दिया है। ज़िम्बाब्वे का बॉलिग अटैक भी शानदार रहा है।

# चिन्नास्वामी में आईपीएल मैच अभी तय नहीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने भले ही बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच कराने की मंज़ूरी दे दी हो, लेकिन यह अभी तय नहीं हुआ है। इसमें शामिल तीन पार्टियों - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच कुछ बातचीत चल रही है। केएससीए के एक बड़े अधिकारी ने इस बारे में साफ जानकारी न होने का इशारा करते हुए कहा कि आपको आरसीबी से बात करनी होगी।

केएससीए को आईपीएल मैच होस्ट करने के लिए सरकार से परमिशन मिल गई है। हालांकि, किए जाने वाले और पूरे किए जाने वाले सभी काम चल रहे हैं और तय समय के मुताबिक पूरे हो जाएंगे। हाल ही में हुबली को रणजी ट्रॉफी के लिए वेन्यू के तौर पर अनाउंस करते हुए, केएससीए ने कहा था कि अभी, एक्सपर्ट कमिटी और दूसरी कानूनी अथॉरिटीज की रिकमेंडेशन के हिंसाब से बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और सेफ्टी बढ़ाने का काम चल रहा है। कई दर्शक गेट और एक्सेस पॉइंट को अभी तोड़ा और चौड़ा किया जा रहा है, साथ ही दूसरे जरूरी सुधार के काम भी किए जा रहे हैं। केएससीए द्वारा किए जा रहे कामों के महीने के आखिर तक पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, यह समझा जाता है कि 4 जून, 2025 की दुखद घटनाओं के बाद, फ्रेंचाइजी मैचों को होस्ट करने के लिए कंडीशनल अप्रूवल के बजाय बिना शर्त क्लीयरेंस मांग रही है। फेंचाइजी ने रायपुर में एक रेकी की है और छत्तीसगढ़ की राजधानी में शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गेम कराने का ऑप्शन देख रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी नहीं किया है, क्योंकि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतज़ार है।

# जो खेले-वो खिले : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कहा : भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में बढ़ा रहे है देश का गौरव



**● कहा : कनाड़ा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी, टीम के कप्तान का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। श्री मोदी ने आज अपने मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' में आज कहा कि मैं अक्सर कहता हूं ''जो खेले-वो खिले''। खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पक्का विश्वास है कि मैच देखते हुए कई बार आंखें किसी खास खिलाड़ी पर टिक जाती होंगी। जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनकर लगता है कि अरे, ए तो अपने देश का है। तब दिल के किसी कोने में एक हल्की सी खुशी आती है। क्योंकि वो खिलाड़ी भारतीय मूल का होता है और वो उस देश के लिए खेल रहा होता है जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं, पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर, श्रेयस मोवा जैसे कई नाम हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बड़ा रहे हैं। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम के लिए भी खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, दिल्ली के मिलिंद कुमार, ए सब अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में आज कई चेहरे हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों में खेल चुके हैं। जतिंदर सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय, आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट की मजबूत कड़ी हैं। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी जगह बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं। वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं।

## शेफर्ड जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी कर सकते हैं : सैमी

**मुंबई, वार्ता।** रोमारियो शेफर्ड, जो पिछले एक हफ्ते से बाहर हैं, उनके पास सोमवार को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ वेस्ट इंडीज के पहले सुपर आठ गेम में खेलने का मौका है। ग्रुप स्टेज में मुंबई में भारत बनाम अमेरिका मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच का फिर से इस्तेमाल किया जाएगा।

31 साल के शेफर्ड, वेस्ट इंडीज की बैटिंग लाइन-अप को बहुत पावर देते हैं, जिसका कुछ हिस्सा उन्होंने शनिवार को ट्रेनिग में दिखाया।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अय्यूब द्वारा संस्था मुस्तफा मस्जिद सेवा समिति, वहाँपुर पट्टी प्रहलाद, पोस्ट मऊकठेर, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल उ0प्र0 का प्रबन्धक, दर्शात हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. फईम -अध्यक्ष, 2. फिरासत हुसैन -उपाध्यक्ष, 3. अय्यूब -प्रबन्धक, 4. नौशे खां- उपप्रबन्धक, 5. सफी मौहम्मद -कोषाध्यक्ष, 6. यामीन, 7. राजिक अली, 8. आस मौहम्मद, 9. खुर्शीद, 10. बुद्धा, 11. सदाकत अली, 12. तसुब्बर -सदस्य दर्शाये गये हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट में हराया



**● भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस प्वाइंट हासिल किया**

**होबार्ट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अपना लगातार मैच जीता, भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस पॉइंट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल से पीछे होने के बाद ज़बरदस्त वापसी करते हुए इस कॉम्पिटिशन का अपना पहला पॉइंट गंवा दिया और भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ कर लिया। फिर उन्होंने हिम्मत बनाए रखी और शूटआउट जीतकर बोनस पॉइंट हासिल किया।

भारत एक दिन पहले वाली टीम से अलग लग रही थी क्योंकि उन्होंने शुरुआती क्वार्टर में वापसी की। उन्होंने बेहतर मौके बनाए और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से आगे निकल गए, अमित रोहिद. ास ने रनर्स के पास से बॉल को दूर ले जाकर बाएं कोने में ज़ोरदार शॉट मारा।

इसके बाद टीमों ने दूसरे क्वार्टर में कंट्रोल के लिए बहुत मेहनत की और भारत ने ब्रेक तक अपनी 1-0 की मामूली बढ़त बनाए रखी। तस्मानियाई फैंस को तीसरे क्वार्टर में रोमांचक रनिग हॉकी देखने को मिली, जिसमें भारत ने अभी भी बेहतर क्वालिटी की सर्कल एंट्री बनाई।

# जेसिका पेगुला ने स्वितोलिना को हराया

**दुबई, वार्ता।** जेसिका पेगुला के लगातार अच्छे प्रदर्शन का आखिरकार उन्हें इनाम मिला। लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहु. चने के बाद, उन्होंने शनिवार को एलिना स्वितोलिना को 1 घंटे 12 मिनट में 6-2, 6-4 से हराकर 2026 दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती। यह उनका 10वां डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स क्राउन था। दो दिन पहले, पेगुला ने एक सेट और एक ब्रेक से उबरकर सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराया था, और पक्का इरादा किया था कि एक और शानदार हफ्ता हाथ से नहीं जाने देंगी। इस बार, उन्होंने इसे पूरा किया। उनका 10वां टाइटल डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर उनका चौथा टाइटल है, क्योंकि वह दुबई क्राउन जीतने वाली सिर्फ़ तीसरी अमेरिकन बन गईं, इससे पहले लिडसे डेवनपोर्ट और तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स भी दुबई क्राउन जीत चुकी हैं। ऐसा करके, उन्होंने 2023 डब्ल्यूटीए फ़ाइनल के बाद, अपने करियर में सिर्फ़ दूसरी बार एक ही इवेंट में चार टॉप 20 जीत हासिल कीं। इस हफ्ते की जीत में राउंड ऑफ़ 16 में इवा जोविक, क्वार्टर फ़ाइनल में क्लारा टॉसन, सेमीफ़ाइनल में अनिसिमोवा और आखिर में शनिवार के फ़ाइनल में स्वितोलिना पर जीत शामिल है। स्वितोलिना के साथ नौ मुकाबलों में पेगुला की यह छठी जीत थी, लेकिन टॉप 10 में रैंक वाली दोनों खिलाड़ियों के साथ यह उनकी पहली जीत थी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल, मुरादाबाद**

ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-03/एस0ई0/2025-26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल एवं फाइनेन्शियल बिड http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 09.03.2026 की सांय 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा दिनांक 25.02.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 09.03.2026 की सांय 05.00 बजे तक उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल बिड दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे निर्धारित समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

प्री-क्वालीफिकेशन बिड में सफल घोषित ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड के मूल्यांकन के पश्चात खोली जायेगी। निविदादाता नियम एवं शर्तों का भली/भाँति अध्ययन कर लें।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी0एस0टी0 रहित) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य +18 प्रतिशत जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज | पंजी0 श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Construction of V.R.B at Km 6.900 of Chandausi Branch. | 74.00 | 1.48 | 90 दिवस | 300+54+2000 = 2354.00 | B एवं उच्च तर |
| 02 | Construction of V.R.B at Km 10.550 of Chandausi Branch. | 74.00 | 1.48 | 90 दिवस | 300+54+2000 = 2354.00 | B एवं उच्च तर |

यह निविदा/बिड http://etender.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://www.idup.gov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्तें ई-टेंडरिंग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर धनराशि ई-टेण्डर पोर्टल पर ऑनलाइन बैकिंग के माध्यम से जमा की जायेगी।

(आर0के0 वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल,
मुरादाबाद
मो0-9792259505

UPID-246655, DATE-20/02/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# वीडियो वायरल होने के बाद मंडी समिति में खाद्य विभाग की छापेमारी, बिना एक्सपायरी डेट के बेची जा रही थी खजूर

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र लाइन पार स्थित नवीन मंडी समिति में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी छापेमारी कर खजूर की बिक्री में अनियमितताओं का खुलासा किया। रमजान माह में खजूर की बढ़ती मांग के बीच मुनाफाखोरी और खाद्य मानकों की अनदेखी की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई।

अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव और मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल यादव ने किया।टीम ने मंडी समिति में मेराज फ्रूट्स प्रतिष्ठान पर छापा मारा, जहां बड़ी मात्रा में बिना बैच नंबर, पैकिंग तिथि और एक्सपायरी डेट अंकित किए बिना खजूर बिक्री के लिए रखे मिले।अधिकारियों के अनुसार पैकेटों पर अनिवार्य लेबलिंग संबंधी जानकारी का अभाव खाद्य सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। मौके से खजूर के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए गए हैं, वहीं संबंधित व्यापारिक दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल की जा रही है ताकि सप्लाई चेन और गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके।छापेमारी की खबर फैलते ही मंडी में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने तत्काल अपने स्टॉक और पैकेजिंग की जांच शुरू कर दी। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने और मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई



की जाएगी। रमजान जैसे पवित्र माह में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिना लेबल या संदिग्ध पैकेजिंग वाले खाद्य पदार्थ न खरीदें और किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मां-बेटियों के रिश्ते को शर्मसार करने वाली आरोपी महिला व उसका तांत्रिक प्रेमी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि एक महिला ने अपने अवैध संबंधों के चलते अपनी ही दो नाबा. लिग बेटियों को दरिंदगी का शिकार बनने दिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरा. पी और सहयोग करने वाली महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, 20 फरवरी को थाना पाकबड़ा क्षेत्र निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पोतियों को उनकी मां बहला-फुसलाकर गुरैठा के जंगल में ले गई। वहां महिला के कथित प्रेमी महेंद्र सिंह पुत्र घनश्याम, निवासी ग्राम गुरैठा, ने 13 वर्षीय बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। तथा छोटी पोती के साथ अशोभनीय हरकत करते हुए उसके नाजुक अंगों को छुआ। इतना ही नहीं, दोनों बच्चियों को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा में पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत मुक. दमा दर्ज किया गया। इस मामले में थाना पाकबड़ा पुलिस ने 20 फरवरी की रात को मुख्य आरोपी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया इसके बाद 21 फरवरी को सहयोग करने के आरोप में बच्चियों की मां आरोपी महिला राजवती पत्नी स्वर्गीय सोनू निवासी पाठो वाली मिलक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।



## एक नजर

### प्राकृतिक फ्लेवर्ड गुड़ का ऑस्ट्रेलिया निर्यात, जिले के लिए गर्व का क्षण

**बिलारी।** प्रगतिशील किसान आरेन्द्र बड़गोती के एफपीओ "फैमिली फार्मर मुरादाबाद" द्वारा प्राकृतिक फ्लेवर्ड गुड़ का निर्यात ऑस्ट्रेलिया के लिए किया गया है। यह उपलब्धि जनपद मुरादाबाद के कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे बिलारी का नाम अंत. रराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। यह पहल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण मानी जा रही है।

केंद्र सरकार के प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों को प्रोत्साहन मिल रहा है, जिसकी परिकल्पना नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इस निर्यात प्रक्रिया में कृषि विभाग का भी सहयोग रहा। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मोहित कुमार ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान की, जिससे उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सका। स्थानीय स्तर पर इस सफलता को लेकर किसानों और कृषि विशेषज्ञों में उत्साह का माहौल है, और इसे क्षेत्र में प्राकृतिक खेती तथा वैल्यू एडेड कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने वाली बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### प्रोजेक्ट अमृत के तहत नीले कुंडे पर चलाया सफाई अभियान




**कांठ (शाह टाइम्स)** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ 22 फरवरी को किया गया। जिसमें ब्रांच कांठ के द्वारा रामगंगा घाट (नीले कुंडे) की सफाई की गई स बताया गया कि सतगुरु माता का संदेश यही है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है। इस सफाई अभियान में ब्रांच कांठ के समस्त सेवादल भाई ख्र बहनो व मुखी मास्टर सुशील कुमार जी व सेवादल संचालक महात्मा बाबूराम जी आदि महात्माओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### बिलारी चीनी मिल ने किया जनवरी तक का गन्ना भुगतान क्लियर

**बिलारी।** लक्ष्मी जी शुगर मिल द्वारा सात करोड़ का भुगतान कर जनवरी 2026 तक खरीदे गए 42 लाख कुंतल गन्ने का भुगतान कर दिया गया है। मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने बताया क्षेत्र के कृषक बंधु अधिक से अधिक गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं, इधर महाप्रबंधक गन्ना गिरीश कुमार ने कहा अच्छे उत्पादन के लिए कृषक बंधु साफ सुथरा और ताजा गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें।

सहकारी गन्ना विकास समिति के विशेष सचिव आरके पाठक ने चीनी मिल के भुगतान की पुष्टि की है।

### नगर के अनेक बूथ पर सुना गया मन की बात का कार्यक्रम

**बिलारी।** मुख्य कार्यक्रम नगर में बूथ संख्या 241 पर हुआ जिसमें बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी यहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा विश्व समुदाय के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की यहां एक मत से सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की क्योंकि कांग्रेस का साथ हमेशा देशद्रोही शक्तियों के साथ रहा है यह बात प्रधानमंत्री ने भी अपनी आज मन की बात में कहीं

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के धर्मेंद्र गांधी रजनीश गर्ग सुरजीत चौधरी राहुल शर्मा डॉ एसपी कंडेरा सीताराम कश्यप जतिन अग्रवाल उरमेंदर मौर्य कुणाल भटनागर सुनील कुमार शर्मा अनूप सिंह सोनू शर्मा विजय सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अलग-अलग मामलों को लेकर छजलैट पुलिस ने कई के खिलाफ की एफआईआर दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)** थाना छजलैट के गांव चक मधपुरी निवासी रेखा का कहना है कि उसकी शादी 2017 में निपेंद्र पुत्र गजराम निवासी नन्हेड़ा अलयापुर थाना अमरोहा के साथ संपन्न हुई थी जिसमें सामर्थ के अनुसार दहेज दिया गया लेकिन इस दहेज से पति निपेंद्र सास अमरकली ससुर गजराम नंद नीतू नंदोई प्रशांत खुश नहीं थे और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे महिला का आरोप है की जेठ सत्येंद्र जब भी घर पर अकेला देखता उसके साथ बदतमीजी करता था और दहेज को लेकर सभी लोग आए दिन गाली गलौज और मारपीट करते रहे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दूसरी घटना रात करीब 8:00 बजे की है किसान तिराहे पर छजलैट पुलिस बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी तभी कांठ की तरफ से एक डंपर आया पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो डंपर चालक ने उसे दौड़ा दिया और बैरियर तोड़कर भाग निकला पुलिस ने डंपर का पीछा किया और कैच की पुलिया पर उसे रोक लिया बताया गया कि ट्रक रोक कर चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किए गए पूछताछ में उसने अपना नाम भरे पुत्र टीकाराम निवासी गिरधरपुर थाना बिनावर जिला बदायूं बताया पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है। एक और मामले में तहसील धामपुर जिला बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी निवासी निपेंद्र कुमार और उसके चचेरे भाई नेमीशरण का कहना है कि दोनों भाई ड्यूटी करने अगवानपुर शुगर मिल जा रहे थे रास्ते में एमएस फार्म हाउस के सामने मुरादाबाद से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें नेमीशरण गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए कृष्णा ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल मुरादाबाद ले जाया गया निपेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि शेरपुर एत्मादपुर निवासी हुकम सिंह पुत्र करन सिंह का कहना है कि दिसंबर के महीने में रात में उसके ट्यूबवेल से मोटर चोरी हो गई थी वह खेत पर पहुंचा तो उसे घटना का पता चला पुलिस ने इस मामले में भी 4 महीने बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### सरसों का अच्छा उत्पादन करने पर कोरल कामिनी हाइब्रिड कंपनी ने किया किसान को सम्मानित

**कांठ (शाह टाइम्स)** कोरल कामिनी हाइब्रिड कंपनी का संयंत्र हापुड़ में है जो की उन्नत किस्म के बीज उर्वरक जैविक और रासायनिक तथा कीटनाशक तैयार करती है इस कंपनी की हाइब्रिड सरसों की बुवाई भीकनपुर निवासी चौधरी बृजेश कुमार द्वारा की गई बताया गया कि एक एकड़ सरसों का बीज लदावली स्थित देवेंद्र सिंह की दुकान से लेकर उन्होंने बुवाई की थी कंपनी के फील्ड ऑफिसर सचिन कुमार आज उनके खेत पर पहुंचे और पौधे की शाखाएं मोटाइ एवं फली की संख्या को देखते हुए उन्हें सरसों उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ किसान सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि फसल की कटाई पर फिर कंपनी के उच्च अधिकारी यहां मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे



# इंद्रियों को काबू में रखने का नाम है रोजा: मंसूर आलम

**कुंदरकी।** नानपुर स्थित मेटल मस्टर्स कंपनी के राष्ट्रपति द्वारा सम्नित मंसूर आलम रमजान की मुबा. रकबाद देते हुए रमजान की फजीलत और बरकतें बयान की। उन्होंने बताया कि रमजान बहुत ही मुबारक अजमत भरा महीना है।


उन्होंने बताया कि सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम रोजा नहीं बल्कि बदन के हर अज्वे को काबू में रखने का नाम रोजा है। रोजे की हालत में जुबान पर काबू हो जिससे बुरी बात न निकले, कान पर काबू इस तरह हो कि कान से बुरी बात सुनी न जाये, आंखों पर काबू इस तरह हो कि आंखों से गलत न देखे, हाथों पर ऐसा काबू हो कि हाथों से कोई बुरा काम न हो, पैरों पर ऐसा काबू हो कि पैरों से बुरे काम के लिए नहीं चला जाये। रमजान की फजीलत के बारे में कहा कि अल्लाह का फरमान है कि रमजान मेरा महीना है जो इस माह में मेरी रजा के लिए रोजे रखेगा उसका अज्र मैं खुद दूंगा।



अल्लाह के रसूल प्यारे नबी का फरमान है कि रमजान को अल्लाह ने तीन अशरों में बांटा है, जिसका पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मगफिरत और तीसरा अशरा दोजख से आजादी का है। हम सब रमजान के महीने में अल्लाह की रजा के लिए रोजे रखें, नमाज पाबंदी से पढ़ें, कुरआन की तिलावत करें और नबी- ए-करीम पर दुरूद शरीफ का विर्द करें और अपने गुनाहों की माफी मांगें।

# कृपाण विवाद में बीए के छात्र की छूटी परीक्षा को आज कराए जाने के कुलपति ने दिए निर्देश

**कांठ (शाह टाइम्स)** डीएसएम डिग्री कॉलेज में अमृत धारी सिख छात्र को कृपाण के साथ परीक्षा से 4 फरवरी को वंचित करने के मामले में श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने छात्र की परीक्षा दोबारा कराए जाने के लिए निर्देश प्राचार्य को दिए हैं। अब छात्र की परीक्षा आज होगी। जानकारी के अनुसार ऋषिवाल महाविद्यालय पट्टी मौढ़ा का संस्थागत वी ए प्रथम वर्ष का अमृत धारी सिख छात्र जपन सिंह पुत्र अमरीक सिंह गत 27 जनवरी को डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने गया था। जिसकी परीक्षा कृपाण उतार कर कराई गई थी। 4 फरवरी को कॉलेज के प्रोफेसर सौरव सिंघल ने छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया था। इस मामले में सिख धर्म के लोगों में काफी रोष व्याप्त था। गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा अमरोहा गतका दल एवं मुरादाबाद गुरुद्वारा कमेटी के सिखों का



प्रतिनिधिमंडल श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सचिन माहेश्व. री से मिला था। कुलपति के निर्देश पर प्राचार्य ने गुरुद्वारा कमेटी एवं सिख समाज के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष माफी मांगी। इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो सिख समाज का एक प्रति. निधिमंडल राज्य मंत्री सरदार औलख सिंह की अगवाई में प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिला था। जहां सिख समाज के छात्रों को कृपाण के साथ परीक्षा देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश के उपरांत परीक्षा नियंत्रक अमृतलाल ने डीएसएम डिग्री कॉलेज को पत्र जारी कर छात्र जपन सिंह के हिंदी काव्य प्रश्न पत्र की परीक्षा 23 फरवरी को दोबारा कराने के लिए पत्र जारी किया है।

परीक्षा से वंचित छात्र एवं उसके परिवार व सिख समाज के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री एवं कुलपति का आभार व्यक्त किया है।

# उज्जवला योजना के अंतर्गत इंडियन एजेंसी पर महिलाओं को चूल्हे सिलेंडर वितरण किए गए

**मुरादाबाद।** रविवार को मुंडापांडेय ब्लॉक के मातीपुर उर्फ मैनी ग्राम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रीत इंडेन गैस एजेंसी द्वारा लाभार्थियों को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, विधायक ने पात्र लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर चूल्हा, रेगुलेटर आदि वितरित किए। कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि पीएम उज्जवला योजना से लाखों करोड़ों परिवारों को गैस कनेक्शन का निःशुल्क लाभ मिल रहा है। इस योजना से देश की लाखों माताओं बहनों का जीवन बदला है। विधायक ने कहा कि उज्ज्वला



योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल मिलेगी और उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा और समय की बचत भी होगी। इस दौरान ग्राम प्रधान मोहम्मद अहमद, डॉ जाबिर अली, प्रीत सिंह, फरमान अली, प्रमोद यादव, शादाब अली, नक्शे अली, इकबाल अली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रीत इंडेन गैस एजेंसी द्वारा किया गया था।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु स्वास्थ्य शिविर एवं मेले का आयोजन

**मूंढापाण्डे।** रविवार को कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया और पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पशुओं की देखभाल हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने पशुओं को समय पर टीकाकरण कराने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वे स्वस्थ रह सकें। कुंदरकी विधायक ने पशुओं के स्वस्थ रहने को किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया। मेले का उद्देश्य किसान और पशुपालक भाईयों को पशु स्वास्थ्य, उत्पादन और संपूर्ण पोषण के प्रति सहायता देना है ताकि पशु स्वस्थ्य रहें। उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो। इसके फलस्वरूप हमारे पशुपालकों और किसानों की आय व जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार हो सके। इस एक दिवसीय शि.



विर में बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बीमार पशुओं के साथ पहुंचे, जहां उन्हें अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दीं।

शिविर में पशु चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों की जांच की और पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, रखरखाव और समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पशुपालन विभाग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी आगंतुकों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

शिविर में एमएलसी डॉ जयपाल व्यस्त, गौसेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल,एडीओ पंचायत देवैश कन्हैया , ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, निदेशक पशुपालन विभाग डॉ मेमपाल सिंह, डॉ राजेंद्र प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुनील दत्त सहित भारी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

# मेरठ जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, लिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** जनपद में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के आह्वान पर किसानों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर के निर्देश पर जिला अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों किसान रविवार को मेरठ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान घेराव के लिए रवाना हुए, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया और ज्ञापन लेकर वापस भेज दिया।किसानों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए नाराजगी जताई।जिला अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के साथ ऐसा समझौता किया है, जिससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा। उनका कहना है कि यदि अमेरिका से गेहूं, कपास, सब्जियां और दुग्ध उत्पाद बिना शुल्क के आयात होंगे और भारतीय उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जाएगा तो देश के छोटे किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि भारत में अधिकांश किसानों के पास दो हेक्टेयर से कम भूमि है, जबकि अमेरिका में बड़े पैमाने पर खेती और अधिक सब्सिडी दी जाती है।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो संगठन दिल्ली कूच कर संसद का घेराव करेगा। इस दौरान मुकुल अग्रवाल, अरुण प्रजापति, हिमांशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# अनदेखी के चलते किसानों की हजारों बीघा जमीन बर्बाद, नहीं हो पा रही जल निकासी की माकूल व्यवस्था

**कांठ (शाह टाइम्स)** अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते किसानों की हजारों बीघा जमीन अब तालाब में तब्दील हो चुकी है लेकिन नगर के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है। बतादे की कांठ नगर से निकलने वाला पानी मोहल्ला घोसीपुरा से होकर किसानों के खेतों में बह रहा है उक्त पानी हर समय किसानों के खेतों में फैला हुआ फसल को बर्बाद कर चुका है जिससे हजारों बीघा जंगल अब तालाब में तब्दील हो गया है। उस क्षेत्र के किसान कई सालों से भारतीय किसान यूनियन नगर पंचायत और अन्य अधिकारियों से जल निकासी की माकूल व्यवस्था किए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन और जन प्रतिनिधियो की अनदेखी अभी तक बरकरार है और नगर से निकलने वाला भारी मात्रा में पानी किसानों के खेतों को बर्बाद कर रहा है किसानों का कहना है कि कई बार नाला खुदाई की योजनाएं बनी लेकिन करोड़ों का बजट बताकर इस योजना को आज तक अमल में नहीं लाया जा सका। किसान सुधीर कुमार शैलेंद्र कुमार बेघराज सिंह रामदेव सिंह लाखन सिंह राजपाल सिंह बाबू सिंह गुलजार खान यामीन हरि सिंह का कहना है कि यदि जेसीबी मशीन लगाकर इस नाले को फिलहाल कच्चा खुदवा कर भी जल निकासी की व्यवस्था कर दी जाए तो किसानों का हजारों बीघा जंगल बर्बाद होने से बच जाएगा उन्होंने जन् प्रति. निधियों पर भी किसानों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया किसानों का कहना था कि किसान जमीन जलमग्न होने के कारण उस पर फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं और इससे उनके सामने भारी संकट खड़ा हो गया है। कुछ किसानों ने कहा कि अब पानी सर से ऊपर गुजर चुका है और किसान जल्द ही इस निकासी को लेकर सख्त कदम उठाने वाले है।



## आईटीआई के छात्रों ने कबाड़ से बनाई आकर्षक कलाकृतियां

**चन्दौसी।** यदि कार्य करने का जज्बा हो तो परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। इसी सोच को साकार करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र पाल सिंह एवं कार्यदेशकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर नई मिसाल पेश की। कबाड़ मानी जाने वाली वस्तुओं से छात्रों ने मशीनों की सहायता से शिवलिंग, लकड़ी से तोप, मोटरसाइकिल के चौन-स्प्रोकेट से दीवार घड़ी, नट-बोल्ट से गुलदस्ते तथा लोहे की पत्तियों से रंगीन फूलदान, ट्रेन व अन्य मॉडल बनाकर विधिक सेवा मेले में स्टॉल पर प्रदर्शित किए।

अपर न्यायाधीश आदित्य सिंह एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों ने प्रधानाचार्य व फोरमैन की उपस्थिति में छात्रों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कबाड़ का सदुपयोग प्रेरणादायक है और प्रतिभा उचित मार्गदर्शन से निखरती है। इस दौरान राजेश कुमार, आशीष कुमार, नीतू, नेहा, शालिनी, पूजा, प्रियांशी भारती, वीरेश व प्रिंस गौतम सहित अन्य छात्रों का सहयोग रहा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नेपाल में बैठक

भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए चीन और पाकिस्तान नेपाल की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। गत सोमवार को चीन-पाकिस्तान के अधिकारियों की एक सीक्रेट बैठक नेपाल की राजधानी काठमांडू के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाके बालूवाटार में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तकरीबन पौने दो घंटे चली इस बैठक में चीन की ओर से भारत को अस्थिर करने के लिए अरुणाचल प्रदेश का जिक्र किया गया और 20 फरवरी को मनाए जाने वाले अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर माहौल खराब करने की बात की थी। इसके लिए बाकायदा चीन ने 23 नेपाली नागरिकों का चयन किया। इन 23 नेपाली लोगों में वे लोग शामिल थे, जो चीन के अलग-अलग हिस्सों में दो वर्षों के दौरान यात्रा करके आए थे। इस योजना को रूप देने का मकसद चीन और पाकिस्तान की बड़ी साजिश जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तवांग को अपना हिस्सा बताने का नेरेटिव सेट करने की साजिश थी। यह अच्छी बात है कि उनकी यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी और फ्लॉप होकर रह गई, लेकिन इससे साफ हो गया है कि भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन तो विशेष रूप से मुखर हैं ही, नेपाल भी भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करता दिखाई दे रहा है। यूं भी यह कोई पहला मौका नहीं है कि भारत को लेकर काठमांडू में भारत-चीन के अधिकारियों ने बातचीत की है। ऐसी बैठकें पूर्व में भी कई बार काठमांडू में हो चुकी हैं। इनमें कई बैठकें तो ऐसी भी हुई, जिसमे दूतावास के कार्यक्रमों के बहाने पाक की आईएसआई से अधिकारी भी नेपाल पहुंचे हैं। 16 फरवरी को हुई मीटिंग में भी पाकिस्तान के डिफेंस अटैची समेत दूतावास के तीन प्रमुख अधिकारी भी शामिल थे। केंद्रीय खुफिया एजेंसी की मानें, तो इस पूरी योजना के पीछे चीन के चेंगदू स्थित पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के पश्चिमी थिएटर कमान के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। इस सच्चाई से तो हर कोई वाकिफ है कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर समय-समय पर चीन भारत को असहज करता रहता है। वह दुस्साहस तो यहां तक कर जाता है कि अरुणाचल प्रदेश को अपना कहने का दावा तक ठोकता रहता है। जबकि भारत की तरफ से न जाने कितनी बार यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है और दुनिया की कोई ताकत इससे उसको अलग नहीं कर सकती, लेकिन चीन है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और पाक के साथ मिलकर घिनौनी हरकतें कर रहा है। बेहद चिंता का विषय यह है कि इन दोनों के बीच नेपाल भी कहीं न कहीं भारत विरोधी रुख अपना दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद



देशभर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं, बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं, पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी, बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है, जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा।

**-मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत बेफिक्र सरकार






**तनवीर जाफरी**

हमारे देश की राजनीति में नेताओं की श्सत्ता लोलुपताश से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी कर्ज और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, मुफ्त रसोई गैस आदि बांट रहे हैं। कहीं बैंक कर्ज मुआफ कर दिया जाता है। यहां तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नकद धनरा. शि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को श्मुफ्त रेवड़ी श बांटने की इस कवायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिए राज्यों का भारी कर्ज में डूबना भी मंजूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है परन्तु सत्ता की इसी तरह की गैर जिम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गई ऐसी ही एक ताजातरीन तल्ख टिप्पणी गत 19 फरवरी को एक बार फिर सामने आई जो गैर जिम्मेदार सत्ताधीशों के लिए आंखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गई जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि -कई राज्य पहले से ही भारी कर्ज और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत खत्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधाएं देना गलत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है। इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप षकिस तरह का कल्चर बना रहे हैं? अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहाश। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को रोजगार सृजन पर फोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ मुफ्त चीजें बांटने पर।

यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ्री बीज कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर न्यायालय अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने श्मुफ्त की रेवड़ी श बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुकसानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय ष्मुफ्त रेवड़ीष कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के खिलाफ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, खासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को खतरनाक बता चुके हैं।

यही मुफ्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई थी परन्तु चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बिहार की नितीश सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2025 में कई बार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर कर दिए। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव घोषित होने के बाद भी महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाने पर काफी विवाद भी हुआ था परन्तु चुनाव पर इसका असर यह हुआ नीतीश कुमार की अगुवाई में एन डी ए ने बिहार के 2025 के विधान सभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। कई विश्लेषकों ने दावा किया कि महिला मतदाताओं के खातों में 10-10 हजार रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर करने के कारण महिलाओं की मतदान दर बढ़ी क्योंकि महिलाओं को इसका सीधे फायदा मिला परन्तु विपक्षी दलों ने इसे चुनावी रिश्वत या वोट खरीदने की कोशिश करार दिया था। कुछ सांसदों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसी रेवड़ी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें चुनाव को रद्द करने और नए चुनाव कराने की मांग की गई। और इसे संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) का उल्लंघन बताया। इसी तरह भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन योजना चलाई जा रही है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम 2013 के तहत संचालित होती है। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे स्थाई रूप से विस्तारित कर दिया गया है। सरकारी दावों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों यानी दिसम्बर 2028 तक के लिए सरकार ने लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने का फैसला किया है। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है। आलोचकों का कहना है कि इस योजना से भी जहां लोगों में मुफ्तखोरी की संस्कृति बढ़ेगी वहीं इस मुफ्त रेवड़ी का लाभ सत्ता को मिलेगा। बड़ा आश्चर्य है कि आज इस मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर अदालतें तो फिक्रमंद हैं जबकि सरकार पूरी तरह बेफिक्र है ?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल का कहर!



**विनीत नारायण**

पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंडर्यूज की गिरफ्तारी ने एपस्टीन फाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ए एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके कखलाफ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था। ए फाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ए विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ्डों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।

आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताकत के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर 'Epstein Files' कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आंखे फटी की फटी रह जाएंगी। यह फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताकतवर लोगों पर कानूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है।

आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सजा मिल चुकी थी उससे यह बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं?

आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर धन प्रबंधक और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर 'बियर स्टर्न्स' जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहां वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था।वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमे. रिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास 'लोलिता एक्सप्रेस' नाम का प्राइवेट जेटथा। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेटद्वीप भी था जहां वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं। एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग बलात्कार दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में 'सेक्सुअल मसाज' के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100 से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर 'मसाज' के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था। उसकी पार्टनर मैक्सवेल पर आरोप था कि वो एपस्टीन को लड़कियांमुहैया कराती थी।

मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया और उसे 20 साल की सजा हुई और वो अभी जेल में है। उधर 2008 में एक डील हुई जिसमें एपस्टीन ने अपना दोष स्वीकार किया और वो गिरफ्तार कर लिया गया। पर वो सिर्फ 13 महीने ही जेल में रहा। लेकिन 2019 में एपस्टीन को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सेक्स ट्रैफिकिंग केफेडरल आरोप लगे। लेकिन फिर जेल में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसने जेल में आत्महत्या कर ली। परंतु उसकी मौत संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई। क्योंकि उस पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए जेल में जो कैमरे लगे थे वो खराब हो गए थे, ऐसा बताया गया। इतना ही नहीं उस पर चौकसी से हर वक्त निगाह रखने के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड भी, बताया गया कि सो गए थे। अमरीकी प्रशासन के ए स्पष्टीकरण एपस्टीन की मौत के कारणों को संदेहास्पद बना देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घट चुकी है बर्फबारी, खिसक गए हैं ग्लैशियर



**पवन सिंह**

अभी भी वक्त है, चेत जाइए और हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अन्यथा न पीने को पानी मिलेगा और न खाने को अनाज। हिमालय घूमने और पिकनिक और स्प्रिचुअल टूरिज्म का प्वांइट नहीं है। हिमालय प्राकृतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील जोन है और इसके साथ पिकनिक मनाने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुंह उठाकर यमुनोत्री, गंगोत्री। तक की भेंड़ चाल पीढ़ियों को तबाह कर देगी। हिमालय का इको सिस्टम लगातार बिगड़ रहा है और इसका खामियाजा यह हो रहा है कि बर्फबारी में जबरदस्त कमी आई है। ग्लेशियर लगातार खतरनाक रफ्तार से पिघल रहे हैं। यह वह खतरा है जिसे अनदेखा किया जा रहा है और वैज्ञानिकों व पर्यावरणविदों की आवाज नक्कारखाने में तूती जैसी है। सम्पूर्ण हिमालयन रेंज में बीते कुछ सालों से बर्फबारी में लगातार गिरावट आ रही है, यह सबसे खतरनाक बात है। वर्ष, 2025-26 की सर्दियों में बर्फबारी विगत 23 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। CIMOD यानी अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के अनुसार 3 हजार से 6 हजार मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र में श्स्नो ड्रॉटश यानी कि बर्फ की कमी पैदा हो गई है।।यह संकेत अच्छे नहीं हैं। अगर ग्लैशियर नहीं रहे तो नदियां भी नहीं रहेंगी।

दुनिया की सभी बड़ी सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित हुईं और अंतत: उन्हीं नदियों के साथ सारी सभ्यताएं मोक्ष को प्राप्त हुईं। विश्व की तमाम नदियां अपने साथ जीवन और उस जीवन को जीने लायक संसाधन लाईं और जलवायु परिवर्तन व अन्य आर्थिक व सामाजिक कारणों से वही सभ्यताएं नदियों द्वारा विक. सित किए गए भू-भाग में ही जमींदोज हो गईं। एक बार फिर से हम सब उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिमालय के ग्लैशियरों के साथ स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर हमने जो भौंडापन आरंभ किया है, इसके नतीजे हमें विनाश तक ले जाएंगे। गंगोत्री-यमुनोत्री के ग्लैशियरों सहित संपूर्ण हिमालियन रेंज के ग्लैशियरों का तेजी से पिघलना व पीछे खिसकते जाना खतरनाक संकेत हैं। अगर समय रहते हमने हिमालय रेंज को प्रकति के हवाले नहीं किया तो भारत की जीवन दायिनी नदियां एक दिन हमें इतिहास बना देंगी। यह सच जितनी जल्दी समझ आ जाए उतना अच्छा है। दुनिया की अनेक मानव सभ्यताएं जैसे सिंधु घाटी सभ्यता, नील नदी घाटी सभ्यता, पीली नदी घाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया नदी घाटी सभ्यता और वैदिक सभ्यताएं। इन सबको नदियों ने जन्म दिया और फिर नदियों ने ही खत्म कर दिया। भारत में नदियों ने जैसे-सरस्वती, नर्मदा, ताप्ती, गंगा आदि ने अपने-अपने भू-भाग में मानवीय सभ्यताओं का विकास किया लेकिन भारत की अधिकांश बड़ी नदियों के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। हिमालियन रेंज अनेक ग्लैशियरों का घर है इसमें से सियाचिन ग्लेशियर पृथ्वी पर दूसरा सबसे बड़ा गैर-ध्रुवीय ग्लेशियर है। भारत के 90 प्रतिशत ग्लेशियर लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड में हैं और कुछ अरुणाचल प्रदेश में भी हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूचीबद्ध भारतीय हिमालयन क्षेत्र के 9575 ग्लेशियरों में से केवल 25 ग्लैशियरों का ही ग्राउंड डेटा उपलब्ध है। दुनिया भर में करीब 1 लाख 98 हजार ग्लेशियर हैं और इनमें से लगभग साढ़े 9 हजार केवल हमारे देश में हैं। मानवीय हस्तक्षेप और ग्लोबल वार्मिंग से भारत की दो बड़ी नदियों गंगा व यमुना का अस्तित्व खतरे में है। मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल के प्रोफेसर विश्वंभर प्रसाद सती और सुरजीत बनर्जी विगत 32 सालों पर इन ग्लैशियरों पर अध्ययन कर रहे हैं। इन दोनों ही वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालय तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यहां बर्फ की मोटी परत कमजोर हो रही है और बर्फ के टुकड़ों का विखंडन एक गंभीर चिंता का विषय हैं।

गंगोत्री, यमुनोत्री, मिलम और पिंडारी जैसे ग्लेशियर लगातार कमजोर होते जा हैं। यहां ग्लेशियर पीछे तो हट ही रहे हैं, इसके साथ ही इनकी मोटाई भी कम हो रही है। मोटी बर्फ का क्षेत्र 10,768 वर्ग किलोमीटर से घटकर अब केवल 3,258.6 वर्ग किलोमीटर रह गया, जो एक खतरनाक कमी को दर्शाता है। दुर्भाग्यवश हम ऐसे देश में हैं जहां पर्यावरण और विज्ञान पर बात करना या तो मूर्खता है या अपराध। अशिक्षित और पर्यावरण के प्रति घोर असंवेदनशील नेतृत्व ने इन दोनों ही नदियों के भविष्य को ही दांव पर लगा दिया है। यह हिमशिखर और ग्लैशियर केवल नदियों को ही जीवित नहीं रखें हुए हैं बल्कि सूर्य की अतिरिक्त गर्मी या उसकी ऊष्मा को वापस अंतरिक्ष में भेजकर सम्पूर्ण पृथ्वी और महासागरों की रक्षा भी कर रहे हैं लेकिन हमने पागलपन और जाहि. लियत की हदें पार करते हुए हिमालय के इस पूरे इलाके को स्प्रीचुवल टूरिज्म की मूर्खताओं में धकेल दिया है। इस देश की 99: जनता को पर्यावरण से वैसे भी कोई लेना देना नहीं है।। गर्मियां आ रही हैं और लोग भेड़ों की तरह मुंह उठाकर हिमालय में मोक्ष पाने और सेल्फी लेने। दर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लिखने के लिए चल पड़ेंगे, जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा के पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा गर्मियों में जब तापमान अधिक रहता है तो प्रवाह तेज रहता है और सर्दियों में तापमान घटने के साथ ही प्रवाह भी कम हो जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड CPCB की बायोलॉजिकल हेल्थ ऑफ रिवर गंगा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत तापमान में लगभग एक डिग्री तक की वृद्धि से ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ी है। अध्ययन से पता चला है कि अब हिमालई ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा वर्ष 1975 से वर्ष 2000 तक ग्लेशियरों के पिघलने की मात्रा का दोगुना है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भले ही आने वाले दशकों में दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर अंकुश लगा ले, लेकिन दुनिया के शेष ग्लेशियरों का एक तिहाई से अधिक हिस्सा वर्ष 2100 से पहले पिघल जाएगा। हिमालियन ग्लैशियर 2 हजार किलोमीटर तक फैले हैं और करीब 600 बिलियन टन बर्फ को सहेजे हुए हैं। यह सभी हिमालयन ग्लेशियर करीब 800 मिलियन लोगों के लिए सिंचाई, जलविद्युत और पीने के पानी के स्रोत हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने वाले करीब 750 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन का आधार हैं। हिमालय स्थित गंगोत्री ग्लेशियर इस क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्लेशियर है और गंगा नदी का जन्मदाता है। यह ग्लैशियर कमजोर हो रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष, 1900 के बाद से पूरे विश्व के ग्लैशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण हस्तक्षेप है। अगर यही हाल रहा तो वर्ष, 2040 की गर्मियों तक आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ देखने को नहीं मिलेगी। वैश्विक समुद्री स्तर 0.13 इंच की दर से बढ़ रहा है इसकी वजह से कम ऊंचाई पर बसे द्वीपों और तटीय शहरों के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया है। फिलहाल जो हालात हैं उसके अनुसार गंगा नदी पर आने वाले 50 सालों में विलुप्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है ओर इसका परिणाम यह होगा कि करीब 45 करोड़ से अधिक लोग मारे जाएंगे। यह चेतावनी राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण के वैज्ञानिक और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान और प्रोद्योगिकी केंद्र के संस्थापक प्रो। बीडी त्रिपाठी ने दी है। त्रिपाठी ने प्रदूषण की वजह से 50 साल में गंगा के विलुप्त होने का खतरा बताया है। अगर आप वाकई चाहते हैं कि आप के बाद की पीढ़ी भी नदियां देख पाए। प्यासी और भूखी न मरें तो हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अगर जरूरी न हो तो अपने हिस्से का हिमालय बचा लें। अपने हिस्से की प्लास्टिक बोतलें, अपना मल-मूत्र, अपने हिस्से की कार्बन से हिमालय को बचा लीजिए। लाखों लोग जाते हैं यह कह कर बेशर्म मत बनिए, आप अपने को रोकिए तो लाखों में से एक आपकी अपनी संख्या कम होगी। हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**झारखंड। नगर निगम चुनाव की पूर्व संध्या पर रांची में मतदान की तैयारियों के बीच मतपेटियां और चुनाव सामग्री ले जाते मतदानकर्मी।**

## क्लाउनफिश की धारियां उनकी सामाजिक स्थिति को बताती है: अध्ययन

**टोक्यो।** मछलियों को लेकर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि क्लाउनफिश सामाजिक हैसियत को दिखाने, खतरों से बचने और संचार के लिए अपने रंगों के पैटर्न और आकार का उपयोग करती हैं। जापान की ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ओआईएसटी) द्वारा किए गए इस अध्ययन की मुख्य लेखिका डॉ. लॉरी मिचेल बताती हैं कि हमने पहले दिखाया है कि एनीमोनफिश (क्लाउनफिश की ही एक प्रजाति) एक-दूसरे को पहचानने के लिए धारियों को गिनती हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि क्लाउनफिश की विशेषता वाली ये सफेद ऊर्ध्वाधर धारियां संचार के लिए आवश्यक हैं।

## ईरान और आईएईए के बीच परमाणु समझौते पर चर्चा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थाई परमाणु समझौते तक पहुं. चने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमे. रिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा की। आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की।

# रीमा दास को मिला क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन पुरस्कार

## भारत की मशहूर लेखिका अरुंधती, मीरा समेत कई ने किया बर्लिन फिल्म महोत्सव का विरोध

**बर्लिन।** प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म 'नॉट ए हीरो' के लिए 'बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026' में 'क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है।



■ **रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है**

असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था। चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे। रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नई परिभाषा ढूंढ़ता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाक. ार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को 'राजनी. ति से दूर रहना चाहिए'। जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। श्रीमती रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन ह्विवच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिग के लिए वहां जाना था। समारोह का बहिष्कार करने वालों में श्रीमती रॉय के अलावा प्रमुख लोगों में फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी शामिल हैं। इन्होंने समारोह के चुनिंदा मानवाधिकार स्टैंड के विरोध में अपनी भागीदारी वापस ले ली। समारोह पर आरोप लगा कि वह 'चुनिंदा मानवाधिकार' का पालन कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के लिए हॉस्पिटल बोट भेजने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में 'हॉस्पिटल बोट' भेज रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइजियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। यह रवाना हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस पोस्ट के साथ हॉस्पिटल बोट की प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है, जिस पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ है।

### चीन की रेलवे ने 258 मिलियन पैसेंजर ट्रिप हैंडल किए

**बीजिंग।** चीन में इस वर्ष 40 दिनों तक चलने वाले 'वसंत महोत्सव' यात्रा में अब तक 25.8 करोड़ यात्रियों ने रेल से यात्रा की है। राष्ट्रीय रेलवे ऑपरेटर ने रविवार को बताया कि यात्रा की यह अवधि अपना आधा पड़ाव पार कर चुकी है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 2026 के वसंत महोत्सव यात्रा सीजन के 20वें दिन यानी 21 फरवरी को करीब एक करोड़ 72 लाख यात्रियों ने सफर किया। ऑपरेटर को उम्मीद है कि रविवार को भी यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा बनी रहेगी।

### लीबिया के तटीय इलाके में सात प्रवासियों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली के पूर्व स्थित तटीय शहर कसर अल-अख्यार के एक समुद्र तट पर कम से कम सात प्रवासियों की मौत हो गई है। जांच अधिकारियों के अनुसार, समुद्र की अशांत स्थिति के कारण संभावित लापता व्यक्तियों की संख्या का अभी ठीक-ठीक पता नही चला है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार इस घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट में कसर अल-अख्यार पुलिस स्टेशन के एक न्यायिक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक महिला और एक बच्चे समेत इन सात प्रवासियों के शव समुद्री लहरों के साथ बहकर तट पर आ गए थे।

### सर्बिया के वकीलों और जजों ने नए कानूनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

**बेलग्रेड।** सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय (जेटीओके) के मुख्यालय तक गया।

# पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

## सभी मृतक एक परिवार के, पाक बोला: टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मधाती हमलों का बदला लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था।

पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (आईएचआरएफ) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरा. ेप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था।

समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया एयरस्ट्राइक से कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुता. बिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। इस्लामाबाद में 6 फरवरी को हुए आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई थी। अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों में दोनों तरफ के सैनिकों और नागरिकों की मौत के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं।



■ **हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए: पाक**

### अफगान ने पाक के हवाई हमलों का जवाब देने की दी चेतावनी

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के इस हमले में बीस से अधिक अफगानी नागरिक मारे गए हैं। इससे पहले आज सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय के जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और आवासीय भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप, महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक हताहत हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने अफगानिस्तान की संप्रभुता के इस खुले उल्लंघन की निंदा करते हुए इसे आपराधिक कृत्य बताया है। मंत्रालय ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अच्छे पड़ोसी के सिद्धांतों और इस्लामी मूल्यों का घोर उल्लंघन करार दिया है।

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका

**कैनावेरल।** नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है। इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी। नासा चीफ इसाकमैन ने कहा कि मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं।

यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे। इसाकमैन ने कहा कि विशाल. काय एसएलएस रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान को तकनीकी समस्याओं की जांच करने और आवश्यक मरम्मत करने के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में स्थित वाहन असेंबली बिल्डिंग में वापस लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पूरी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 10 दिनों तक चलने वाले बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस-2 मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के उपग्रह की परिक्रमा करने वाले थे। यह अमे. रिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, यह लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक अपने पहले मानवयुक्त मिशन को पूरा करना है। चीन का मानवरहित चांगई 7 मिशन 2026 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज के लिए लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

■ **टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च केप**

# पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल का नैतिक अधिकार: अमेरिकी राजदूत

**काहिरा/रियाद।** अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब ने शनिवार को इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि इज़रायल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है।

अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल-गैत ने एक बयान में कहा कि हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान उस समय भावनाओं को भड़काने और धार्मिक तथा राष्ट्रीय संवेदनाओं को उकसाने का काम करते हैं, जब देश गाजा में संघर्षविराम को लागू करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं और 'शांति की दिशा में गंभीर राजनी. तिक प्रक्रिया शुरू करने के अवसर को भुनाने' का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इन टिप्पणियों पर 'आश्चर्य' व्यक्त करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का 'खुला उल्लंघन' बताया। मंत्रालय ने अपने बयान में दोहराया कि इज़राइल का कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों या किसी अन्य अरब भूमि पर 'कोई संप्रभुता अधिकार नहीं' है और पश्चिमी तट को हड़पने या उसे गाजा पट्टी से अलग करने के किसी भी प्रयास को 'सिरे से खारिज' किया। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने भी हकाबी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान खतरनाक मिसाल कायम करते हैं और क्षेत्र के देशों तथा अमेरिका के बीच संबंधों के प्रति उपेक्षा को दर्शाते हैं।

■ **हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं: अहमद**

## इजरायल पर अमेरिकी राजदूत के बयान पर भड़के इस्लामी देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान रविवार को उन 13 अन्य देशों के साथ शामिल हो गया, जिन्होंने इजरायल में अमेरिकी राजदूत के बयान की निंदा की है। मामले में अमेरिकी राजदूत ने बाइबिल के उस विचार से सहमति जताई थी, जिसमेंइजरायल को प्रमुख अरब इलाकों पर नियंत्रण करने का अधिकार बताया गया था। अमे. रिकी राजदूत माइक हकाबी ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में यह बात कही। फॉक्स न्यूज के पूर्व एंकर टकर कार्लसन ने उनसे पूछा था कि क्या बाइबिल के अनुसार इराक की यूफ्रेट्स नदी और मिस्र की नील नदी के बीच का इलाकाइजरायल का है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया कि अगर वे (इजरायल) यह सब ले लें, तो यह ठीक रहेगा।

# ईरान ने ईयू के सदस्य देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने के 'अवैध और अनुचित' फैसले के जवाब में उठाया गया है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। यूरोपीय संघ की परिषद ने पिछले महीने विदेश मंत्रियों के बीच हुए एक राजनीतिक समझौते के बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से आईआरजीसी को आतंकी सूची में शामिल कर लिया था। इस सूची में शामिल होने के बाद यूरोपीय संघ के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में घोषित संगठन के धन, अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधनों को 'फ्रीज' करना शामिल है। यूरोपीय संघ का यह कदम हाल के दिनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां अमेरिका अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमलों की बार-बार चेतावनी दे रहा है।



■ **यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत**

# ईरान के विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किए विरोध प्रदर्शन

## छात्रों ने रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शन में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर 'तानाशाह मुर्दाबाद' के नारे लगाए। रिपोर्ट में 'यूनाइटेड स्टूडेंट्स' टेलीग्राम चैनल के हवाले से कहा गया कि मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया कि हम अपने साथियों के खून की कसम खाते हैं, हम अंत तक डटे रहेंगे। इस बीच, छात्र समाचार पत्र 'खाजे नसीर न्यूज़लेटर' के अनुसार, तेहरान स्थित खाजे नसीर विश्वविद्यालय के सैयद खंदान परिसर में रविवार सुबह सुरक्षा कड़ी कर दी गई। छात्र उन लोगों की याद में 40वें दिन का स्मरण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे थे, जो हालिया प्रदर्शनों में मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, परिसर में प्रवेश केवल एक द्वार से सीमित कर दिया गया और सुरक्षा बलों के समन्वय से कई बसीज सदस्य कैंपस में दाखिल हुए। न्यूज़लेटर ने दावा किया कि बसीज एजेंट छात्रों की पहचान करने, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक या कानूनी मामले तैयार करने और प्रस्तावित सभा को हिसा की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, नए सेमेस्टर की शुरुआत पर शनिवार को भी कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए, जिनमें से कुछ स्थानों पर उनकी झड़पें सरकार समर्थक समूहों से हुईं। ये प्रदर्शन उन लोगों की याद में होने वाले पारंपरिक 40वें दिन के शोक समारोहों के साथ हुए, जो पिछले महीने के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। बताया गया है कि ये घटनाएं 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद देश में सबसे भीषण आंतरिक अशांति में शामिल हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कथित तौर पर शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में मार्च करते छात्र ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को 'हत्यारा नेता' बताते हुए नारे लगा रहे हैं और अपदस्थ शाह के निर्वासित पुत्र रेजा पहलवी को नया शासक बनाने की मांग कर रहे हैं।



## निक जोनास 'जुमांजी-3' मे फिर से करेंगे काम

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड गायक-अभिनेता निक जोनास 'जुमांजी' के अगले भाग में फिर से काम करेंगे। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि वह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले भाग में जेफरसन 'सीप्लेन' मैकडोनो की अपनी भूमिका को फिर से अभिनीत करेंगे। फिल्म 11 दिसम्बर, 2026 को विश्व स्तर पर रिलीज होगी। निक जोनास ने सोशल मीडिया पर एक्शन-एडवेंचर सीरीज में अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि हम वापस आ रहे हैं। जुमांजी राउंड 3 में। उन्होंने पायलट अवतार में वापस आने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उनकी अभिनेत्री पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें प्रोत्साहित किया। नई फिल्म 'जुमांजी 3' का प्रोडक्शन नवम्बर 2025 में लॉस एंजिल्स में शुरू हुआ और अभी इसकी शूटिंग चल रही है। जोनास पहली बार फैंचाइजी के रिवाइवल में सीप्लेन के रूप में दिखाई दिए थे और तब से वे इसका एक अहम हिस्सा बन गए हैं। वे सह अभिनेता ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन, जैक ब्लैक, केविन हार्ट और कैरेन गिलन के साथ फिर से जुड़ेंगे।

